अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 180 | लखनऊ, गुरुवार, 15 जनवरी 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### भारतीयों से तुरंत ईरान छोड़ने की विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने परामर्श जारी कर कहा है कि ईरान में चल रहे घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिक अगली सूचना तक वहां की यात्रा से बचें। इससे पहले 5 जनवरी को भी विदेश मंत्रालय ने इस तरह का परामर्श जारी किया था। इसी बीच भारतीय दूतावास ने ईरान में रह रहे भारतीयों को जल्द से जल्द किसी भी माध्यम से देश से निकलने की सलाह दी है। भारतीय दूतावास के इमरजेंसी संपर्क हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं- यह इस प्रकार है मोबाइल नंबर: +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359. ईमेल: cons.tehran@mea.gov.in । ईरान में रहने वाले सभी भारतीयों को दूतावास में रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया है। इस लिंक (https://www.meaers.com/request/home) पर ऐसा करें।

### उप्र पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में ईडी ने पूरक आरोप पत्र दाखिल किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 पेपर लीक मामले में कथित मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा सहित 18 आरोपियों के खिलाफ लखनऊ की एक अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। यह आरोप पत्र लखनऊ स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की यह जांच उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (यूपी एसटीएफ) की दर्ज शुरुआती प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। जांच के दौरान इस मामले से जुड़ी पांच अन्य प्राथमिकियों को भी इसमें शामिल किया गया।

# मकर संक्रांति भारत की सांस्कृतिक एकता, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का महापर्व : मुख्यमंत्री

● मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मकर संक्रांति भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे देश के विभिन्न राज्यों में विविध नामों एवं परम्पराओं के साथ श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तमिलनाडु में इसे पोंगल, आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में संक्रांति, असम में माघ बिहू, पंजाब एवं हरियाणा में लोहड़ी, गुजरात में उत्तरायण, महाराष्ट्र में तिल संक्रांति तथा उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी पर्व के रूप में मनाने की परम्परा है। यह विविधता भारत की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तथा उत्तरायण होते हैं। भारतीय संस्कृति में सूर्य का उत्तरायण होना शुभ, सकारात्मकता और नवचेतना का प्रतीक माना गया है।

यह परिवर्तन अंधकार से प्रकाश की ओर, जड़ता से कर्मशीलता की ओर तथा नकारात्मकता से सकारात्मक ऊर्जा की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति एवं माघ मास के पावन अवसर पर प्रयागराज में आयोजित माघ मेले में लाखों श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाएंगे। प्रयागराज के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना का इस पर्व पर विशेष महत्व है, जो सामाजिक सद्भाव, सेवा और लोककल्याण की भावना को सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की कि वे मकर संक्रांति एवं खिचड़ी पर्व को पारम्परिक श्रद्धा, आपसी सौहार्द और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ मनाएं तथा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं को और अधिक सशक्त बनाने में सहभागी बनें।

# अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन यात्री सुविधा और कनेक्टिविटी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: प्रधानमंत्री

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को आम यात्रियों के लिए रेल यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने बुधवार को कहा कि नई अमृत भारत ट्रेनें यात्री सुविधा और कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार लाएंगी। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों से वाणिज्य और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर बताया था कि नौ नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को शीघ्र ही हरी झंडी दिखाई जाएगी। प्रस्तावित नई सेवाओं में गुवाहाटी (कामाख्या)/रोहतक, डिब्रूगढ़/लखनऊ (गोमती नगर), न्यू जलपाईगुड़ी/ नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली, अलीपुरद्वार/ एसएमवीटी बेंगलुरु, अलीपुरद्वार/मुंबई (पनवेल), कोलकाता (सांतरागाछी) तांबरम, कोलकाता (हावड़ा)/आनंद विहार टर्मिनल और कोलकाता (सियालदह)-बनारस शामिल हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस एक नॉन-एसी, लंबी दूरी की स्लीपर ट्रेन है, जिसे विशेष रूप से साधारण यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

# पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : राजनाथ



एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां 10 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर रैलियां, पुष्पांजलि अर्पण समारोह, शिकायत निवारण काउंटर तथा सहायता एवं सुविधा डेस्क लगाये गये। मुख्य समारोह दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में हुआ जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगभग 2500 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने पूर्व सैनिकों से युवाओं का मार्गदर्शन करने, अग्निवीरों और युवा सैनिकों को सही दिशा देने, आपात स्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

श्री सिंह ने कहा कि भारत तेजी से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों को भी याद किया और कहा कि उनके साहस और बलिदान को पहले वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे।

### भारत ने चीन से कहा,द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक कदम जरूरी

नई दिल्ली। भारत ने चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए लोगों के बीच परस्पर समझ बढाने और अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने तीन दिन की भारत यात्रा पर आईं चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग (आईडीसीपीसी) की उप मंत्री सुश्री सुन हाइयान से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की दिशा में प्रगति की समीक्षा की जिसमें व्यापार और जन-केंद्रित संपर्कों को प्राथमिकता दी गई, तथा नए वर्ष में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश सचिव ने दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया जिससे द्विपक्षीय संबंधों की बहाली में सहायता मिल सके। इस संदर्भ में उन्होंने बेहतर द्विपक्षीय संबंधों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। दोनों पक्षों ने अपने-अपने नेताओं द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को लागू करने तथा द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के मार्ग पर आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।




# माघ मेला में आस्था का सैलाब

## अब तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी









राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। माघ मेला में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की पावन डुबकी लगाई। प्रयागराज में विश्व प्रसिद्ध माघ मेले का आयोजन 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के साथ भव्य रूप से शुरू हो चुका है। संगम की पवित्र रेती पर श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आज एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर भी संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और ह्रहर हर गंगेङ्क के जयघोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धालु स्नान, दान और पूजा-अर्चना कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं।

मकर संक्रांति को लेकर इस बार श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है. मकर संक्रांति पर स्नान का शुभ मुहूर्त रात 12 बजकर 03 मिनट से प्रारंभ होकर 16 जनवरी की रात 12 बजकर 03 मिनट तक रहेगा। इस वर्ष मकर संक्रांति के दिन एक दुर्लभ संयोग भी बन रहा है, क्योंकि इसी दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसलिए मकर संक्रांति एकादशी के मौके पर संगम घाट पर लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए पहुंचे। मेले का मनोरम और दिव्य फोटो और वीडियो सामने आया है,जहां चारों ओर भक्ति और श्रद्धा का माहौल है।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, बीती रात 12 बजे से लेकर अब तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं. लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है. माघ मेला प्रशासन और स्थानीय पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर मुस्तैद हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर एनडीआरएफ, जल पुलिस, आरएएफ और स्थानीय पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही माघ मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 300 से अधिक अत्याधुनिक एआई कैमरे लगाए गए हैं। पूरे मेले पर नजर रखने के लिए तीन सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहां से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। माघ मेले में व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं। जिसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी माघ मेले का निरीक्षण कर चुके हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि, माघ मेले में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को व्यापक रूप से सुदृढ़ किया गया है. हर स्तर पर तैयारी पूरी और व्यापक की गई है।

# हिन्दू समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए: नरेन्द्र ठाकुर


राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ने नरेन्द्र ठाकुर कहा कि हिन्दू समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। संघ भेदभाव नहीं मानता, लेकिन समाज में है। समाज के अंदर के भेदभाव, जातिगत भेदभाव, छुआछूत, भाषा व क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर हमें एक साथ खड़ा होना होगा तभी हम संगठित हो सकते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ठाकुर बुधवार को यहां वृन्दावन योजना स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हमारे धर्म ग्रन्थों में जाति के नाम पर छुआछूत का उल्लेख नहीं है। छुआछूत गुलामी के काल में आयी हुई कुरीति है। इसलिए संघ के अंदर किसी प्रकार की जाति नहीं मानी जाती है। संघ का स्वयंसेवक जाति को नहीं मानता।

## ● त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हुआ हिन्दू सम्मेलनजाति को नहीं मानता संघ का स्वयंसेवक: नरेन्द्र

ठाकुर ने कहा कि संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव राव सदाशिवराम गोलवलकर श्रीगुरूजी ने सभी संतों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। संतों के माध्यम से हिन्दवः सोदरा सर्वे का उदघोष कराया। सभी हिन्दू सहोदर हैं। हिन्दू पतित नहीं हो सकता। सब समान हैं। समाज में आयी बुराई को दूर करने के लिए संघ ने प्रयत्न किया। समाज की कुरीतियों को दूर करना होगा तब हमारा समाज एक हो सकता है। साथ चलना है, संगठित होना है तो जातिगत भेदभाव छुआछूत,भाषा के भेद से ऊपर उठना होगा। सारी समस्याओं का समाधान संघ नहीं करेगानरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि 1948




में संघ को समाप्त करने का प्रयत्न हुआ। वर्ष 1975 में आपातकाल लगाकर संघ को समाप्त करने का प्रयत्न हुआ। लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे अधिक संघ के लोग जेल गये। आज संघ का सहयोग समर्थन करने के लिए पूरा समाज खड़ा है। एक लाख से अधिक स्थानों पर हम संघ का काम करते हैं। समाज का चित्र बदलने के लिए संघ के स्वयंसेवक एक लाख 30 हजार सेवा कार्य चला रहे हैं। 32 से ?अधिक अखिल भारतीय संगठन हैं। संघ के स्वयंसेवक समाज जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय हैं, लेकिन अपना समाज बहुत बड़ा है। यह काम पूरे समाज को करने की आवश्यकता है। सारी समस्याओं का समाधान संघ नहीं करेगा। संघ का काम लोगों का जागरण करना है। व्यक्ति निर्माण का काम संघ 100 वर्षों से कर रहा है। संघ के प्रयत्नों के कारण एक वातावरण समाज में बना है। दुनिया का मार्गदर्शन करेगा भारत अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ठाकुर ने कहा कि जब तक हिन्दू समाज स्वयं को नहीं पहचानेगा। हम कौन थे। हमारे पूर्वज, हमारी संस्कृति क्या है। इसका बोध नहीं होगा तब तक समाज आगे बढ़ नहीं सकता। दुनिया के लोग भारत में शिक्षा लेने आते थे। हम बलशाली थे समृ?द्धशाली थे। उन्होंने कहा कि जीवन मूल्यों पर गर्व कर उन जीवन मूल्य को अपने जीवन में उतारना होगा, तभी हमारा देश दुनिया का सक्षम शक्तिशाली व समृद्धशाली राष्ट्र बनेगा। तभी भारत दुनिया को ज्ञान देगा और दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। अमेरिका, रूस व चीन हमें बड़ा नहीं करेगाठाकुर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर देशभक्ति का भाव होना चाहिए। समाज के लिए अच्छा काम करना यही आज के समय में देशभक्ति है। जो पिछड़ गये हैं उन्हें आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। समाज में गरीबी अशिक्षा है तो समाज आगे कैसे बढ़ सकता है। निःस्वार्थ भाव से देश समाज के लिए कुछ करना चाहिए। स्व के आधार पर हमारा जीवन चलना चाहिए तभी हम आत्मनिर्भर बनेंगे। अमरीका रूस व चीन हमें बड़ा नहीं करेगा। वह अपना माल बेंचने का प्रयास करेंगे। हमें अपने देश में बनी चीजों का इस्तेमाल करना होगा तभी आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। हिन्दू सम्मेलन में चिन्मय मिशन लखनऊ के प्रमुख कौशिक चैतन्य ने कहा कि जो समाज अपने कर्तव्य से विमुख हो जाता है धीरे–धीरे वह परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ जाता है।

# उप्र के फिरोजाबाद में पसीना वाले हनुमान मंदिर क्षेत्र का होगा कायाकल्प : जयवीर सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने फिरोजाबाद जनपद के बहुचर्चित पसीना वाले हनुमान मंदिर क्षेत्र के पर्यटन विकास का निर्णय लिया है। लगभग दो हजार वर्ष प्राचीन माने जाने वाले इस ऐतिहासिक मंदिर को शासन स्तर से अनुमोदित कार्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग का यह प्रयास फिरोजाबाद को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। फिरोजाबाद जनपद मुख्यालय से कुछ किलोमीटर की दूरी पर यमुना नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध पसीना वाले हनुमान मंदिर का समग्र पर्यटन विकास किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का



सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्यटक सूचना केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थलों का निर्माण किया जाएगा। पसीना वाले हनुमान मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आस्था तर्क से आगे निकल जाती है। अपनी तरह के इस अनूठे मंदिर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा से वर्ष भर पसीना निकलता रहता है। सर्दियों में भी प्रतिमा पर पसीने की बूंदें श्रद्धालुओं को आश्चर्यचकित करती हैं। इसी चमत्कारी विशेषता के कारण लोग इस मंदिर का दर्शन करने दूर-दूर से आते हैं। मंत्री ने बताया कि पर्यटन के लिहाज से फिरोजाबाद महत्वपूर्ण जिला है। लखनऊ और आगरा रूट से जुड़े होने की वजह से जिले में पर्यटकों की आवक बढ़ी है। वर्ष 2023 में जनपद आने वाले पर्यटकों की संख्या 04.44 लाख से अधिक थी, जो साल 2024 में बढ़कर 06.48 लाख के पार हो गया। वर्ष 2025 के जनवरी से जून महीने तक 04.06 लाख से अधिक पर्यटकों ने जिले का भ्रमण किया। बड़ी संख्या में पर्यटक आगमन से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार के भी रास्ते खुले हैं।

# लखनऊ में सीजन की सबसे ठंडी सुबह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर का कहर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की। शहर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो चार जनवरी को दर्ज छह डिग्री सेल्सियस के पिछले न्यूनतम स्तर से 0.4 डिग्री कम है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान और अधिक गिर गया। मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह सामान्य से 3.5 डिग्री कम है और बीते दो वर्षों में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। मेरठ में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री (सामान्य से 3.4 डिग्री कम), बरेली में तीन डिग्री, कानपुर शहर में चार डिग्री और हरदोई में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर और पाला पड़ने की स्थिति बनी हुई है, हालांकि दिन में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार बुधवार और गुरुवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर का असर बना रहेगा। लखनऊ में आज अधिकतम तापमान लगभग 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी हो गई है, जिससे बीते 48 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके कारण पश्चिमी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री से नीचे चला गया, जिससे मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर की स्थिति बनी। आगामी 48 घंटों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने का कोई नहीं अनुमान नहीं है। आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और रोहिलखंड मंडल के कुछ हिस्सों में शीतलहर और पाले का असर जारी रह सकता है। वहीं तराई क्षेत्रों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाने की संभावना है, जो दिन चढ़ने के साथ छंट जाएगा और धूप निकलने से दिन में ठंड से कुछ राहत मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार लगातार सक्रिय हो रहे दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 15 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जारी शीतलहर से राहत मिल सकती है। वहीं 18 जनवरी से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी शुरू हो सकती है, जो अगले दो से तीन दिनों में तेज हो सकती है।

## एसजीपीजीआई में मकर संक्रांति पर ओपीडी में नहीं देखे जाएंगे नए मरीज, आदेश जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में मकर संक्रांति पर नए मरीजों का न तो रजिस्ट्रेशन होगा और न ही ओपीडी में उनका उपचार किया जायेगा। केवल उन मरीजों को ओपीडी में देखा जायेगा जिन मरीजों की जांच अथवा ऑपरेशन के लिए तिथियां तय हैं, उनकी सेवाएं पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जारी रहेंगी। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर घोषित निर्बन्धित अवकाश की तिथि में बदलाव किया गया है। कार्यालय आदेश के अनुसार अब 14 जनवरी की बजाय 15 जनवरी को अवकाश रहेगा। आदेश में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के क्रम में संस्थान की अवकाश सूची में संशोधन करते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# मुआवजा घोटाले में फंसे अफसरों के साथ बीबी, बच्चों की खंगाली जा रही संपत्ति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। नोएडा अथॉरिटी में 117 करोड़ से अधिक के मुआवजा घोटाले में फंसे अफसरों की संपत्तियों की जांचएसआईटी ने शुरू की। एसआईटी ने विकास प्राधिकरणों व जिलों के अधिकारियों से अफसरों, उनके परिजनों की संपत्तियों का विवरण तलब किया है एसआईटी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रही है। दायरे में दो आईएएस अफसरों सहित 12 बड़े अधिकारी, उनके पत्नी, बेटे-बेटियां और करीबी रिश्तेदार हैं। अब तक मुआवजा वितरण में घोटाले तक सीमित रही जांच को एसआईटी ने और व्यापक कर दिया है।डीजी कारागार प्रशासन की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने साफ किया है किसवाल सिर्फ गलत मुआवजे का नहीं बल्कि आय से अधिक संपत्ति का है।एसआईटी के एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने 2 जनवरी को प्रदेश के

## ● एक्शन में एसआईटी,एलडीए भी रडार पर

विकास प्राधिकरणों, जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि 1 जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2017 के बीच खरीदी गई आवासीय, व्यावसायिक संपत्तियों, भूखंडों, फ्लैट, दुकानों समेत हर तरह के दस्तावेज उपलब्ध कराए। नोएडा अथारिटी में किसानों को मुआवजा देने के नाम पर घोटाला हुआ था। किसानों के नाम पर मुआबजे की रकम कई गुना ज्यादा निकाली गयी थी।एलडीए में हड़कंप है। फाइलें खंगाली जा रही हैं, पुराने रिकॉर्ड निकाले जा रहे हैं क्योंकि घोटाले के आरोपी कुछ अधिकारी एलडीए में भी तैनात रहे हैं। नोएडा अथॉरिटी में तैनात रहे आईएएस अफसर अटल कुमार राय एलडीए में सेवाएं दे चुके हैं, जांच के घेरे में हैं। एसआईटी ने उनकी पत्नी, पुत्र और पुत्री के नाम दर्ज संपत्तियों का पूरा ब्योरा मांगा है।नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ रमारमन के खिलाफ भीआय सेअधिक संपत्ति की जांच हो रही है। एसआईटी ने उनकी, उनके परिवार की संपत्ति की जानकारी मांगी है। रमा रमन के साथ उनकी पत्नी, पुत्र और पुत्री के नाम दर्ज संपत्ति की जांच हो रही है।एसआईटी ने तत्कालीन विधि अधिकारी राजेश कुमार, उनकी पत्नी आशा रानी, पुत्री कृतिका राय, पुत्र देवेश राय के नाम संपत्तियों का ब्योरा मांगा है। वीरेंद्र सिंह नागर, उनकी पत्नी, पुत्र,पुत्रियों , विनोद कुमार पवार राजनगर, गाजियाबाद दिनेश कुमार सिंह, उनकी पत्नी कुसुम लता सिंह, पुत्र अभिषेक कुमार, एसएन श्रीवास्तव, उनकी पत्नी सुप्रिया, पुत्री सुरभि, मदनलाल मीणा और उनके पूरे परिवार, आलोक कुमार टंडन, उनकी पत्नी रीना, पुत्र अनन्या, पुत्री सौम्या, राजेश प्रकाश, महेंद्र कुमार भंडारी और उनके परिवार, साथ ही तत्कालीन मुख्य विधि सलाहकार विद्या प्रकाश के परिजनों की संपत्तियों की भी जांच हो रही है। सिर्फ विकास प्राधिकरण ही नहीं बल्कि इन अधिकारियों के गृह जनपदों से भी संपत्तियों का पूरा विवरण जुटाया जा रहा है। आदेश में कहा गया है कि पंजीकृत संपत्तियों के प्रमाणित दस्तावेज, रजिस्ट्री, एग्रीमेंट और रिकॉर्ड प्राथमिकता के आधार पर एसआईटी की ई-मेल आईडी पर भेजे जाएं क्योंकि मामला सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से जुड़ा है।सुप्रीम कोर्ट ने 13 अगस्त 2025 को एसआईटी गठित कर नोएडा मुआवजा घोटाले की जांच का आदेश दिया था। अब एसआईटी ने अपना दायरा बढ़ाकर घोटाले से कमाई गई कथित अवैध संपत्तियों तक जांच पहुंचा दी है। कुछ आरोपी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, एक का निधन हो चुका है, जबकि कुछ अहम पदों पर हैं।

## केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों को दी मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्त प्रदेशवासियों को पावन मकर संक्रांति, उत्तरायण, पोंगल एवं माघ बिहू की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि नव आरंभ व उल्लास के यह सभी पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्ज़ा का नया प्रकाश लेकर आए, ईश्वर से यही मंगलकामना है। वहीं भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भी प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह पर्व आपके जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्ज़ा लेकर आए।

## ट्रैक्टर और कार में भीषण टक्कर, 3 युवक गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक सड़क दुर्घटना हुई। एचपी पेट्रोल पंप गौरा के पास रात करीब 10.30 बजे एक कार और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार तीन युवक घायल हो गए। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायल युवकों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान 23 वर्षीय निलेश मिश्रा निवासी अंतू, प्रतापगढ़, 19 साल के नीरज चौबे निवासी बदलापुर, जौनपुर और 26 साल के अमन सोनी निवासी प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

# सामाजिक पहलू हमारे रक्त में है, हम मानव कल्याण के रास्ते पर चलते हैं: विराज सागर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। डॉ0 अखिलेश दास अलका दास फाउण्डेशन द्वारा आज डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल(सिविल) में बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष एवं उ0प्र0 बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास द्वारा जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन एवं डॉ0 अखिलेश दास अलका दास फाउण्डेशन की अध्यक्ष अलका दास जी मौजूद रहीं। इस अवसर पर उन्होने प्रदेशवासियों को मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की है। कम्बल वितरण के उपरान्त बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष एवं उ0प्र0 बैडमिंटन एसोसिएशन के

## ● डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउण्डेशन द्वारा भीषण ठण्ड में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया

चेयरमैन विराज सागर दास जी ने कहा कि शिक्षा एवं सामाजिक सरोकार हमारे रक्त में है। हम जन कल्याण के लिए सदैव अग्रसर रहते हैं और मानवीय संवेदनाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए जनसरोकार के मार्ग पर सतत चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होने कहा कि हम जरूरतमंदों विशेषकर समाज के अंतिम पायदान के लोगों की मदद करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। शिक्षा के प्रति हमारा दृष्टिकोण बिल्कुल साफ है कि समाज के हर वर्ग को शिक्षित होना चाहिए और हमारा प्रयास भी इसी ओर है। उन्होने कहा कि जहां तक जन सरोकारों की बात है तो फाउण्डेशन द्वारा ठण्ड में अलाव जलाने की व्यवस्था हो, मरीजों को निःशुल्क चाय की व्यवस्था हो, कम्बल वितरण हो, गर्मियों में प्याऊ लगाये जाने की व्यवस्था हो, गरीब मरीजों को निःशुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था हो, फाण्डेशन अपने दायित्वों का पूरी शिद्दत के साथ निर्वहन कर रहा है। उन्होने कहा कि हम मानव कल्याण के रास्ते पर चलते हैं और चलते रहेंगे। उन्होने कहाकि आज जिस प्रकार भीषण ठण्ड की चपेट में पूरा शहर है गरीब और असहाय ठण्ड से परेशान है ऐसे में फाण्डेशन द्वारा पूरे शहर में अलाव जलाने और निःशुल्क चाय की व्यवस्था करके अपने सामाजिक सरोकारों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है। विराज सागर दास ने कहा कि हमारे बाबा बाबू बनारसी दास पूर्व मुख्यमंत्री, मेरे पिताजी डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता जी पूर्व केन्द्रीय मंत्री द्वारा जो सेवा की जा रही थी उससे पे्ररणा लेते हुए उनके बताये रास्ते पर हम चल रहे हैं और जनता की सेवा कर रहे हैं और करते रहेंगे। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन एवं डॉ0 अखिलेश दास अलका दास फाउण्डेशन की अध्यक्ष अलका दास ने कम्बल वितरित करते हुए कहा कि जनसेवा करने में उन्हें आत्म संतुष्टि मिलती है और जनता की सेवा वह हमेशा करती रहेंगीं।

## भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही है स्वागत: अखिलेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी स्वदेशी का नारा लगाते-लगाते अब परदेसी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कल तक चीन से आयात और चीनी सामान के बहिष्कार की बातें कर रहे थे, वही आज खुलेआम उसका स्वागत कर रहे हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के वैचारिक उस्ताद पड़ोसी देश से एकदलीय व्यवस्था का ल्नमास्टर क्लासङ्क ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्तर तक अब मुलाकात पहुँच गई है, उससे साफ है कि इसकी तैयारी कई वर्षों से चल रही थी। ऐसे में



बहिष्कार का यह सारा ड्रामा केवल समर्थकों की आँखों में धूल झोंकने के लिए किया गया।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समर्थक, जो चीनी सामान के बहिष्कार के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे, आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के ये समर्थक 'रंगे सियार' की कहानी भूल गए थे, जिसका सच बारिश में सामने आ जाता है। अखिलेश यादव ने भाजपा की नीतियों और कथनी-करनी के अंतर पर सवाल उठाते हुए जनता से सच समझने की अपील की है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासघ उत्तर प्रदेश (प्राथमिक संवर्ग) के प्रतिनिधिमंडल ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश (प्राथमिक संवर्ग) का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी से मिला और शिक्षकों की शिक्षकों के तीसरे चरण के समाजयोज में जिला स्तर पर हुई गड़बड़ियों से अवगत कराया जिसको महानिदेशक ने गंभीरता से लेते हुए जिला स्तर पर समायोजन हेतु गठित समिति के माध्यम से आपत्ति लेकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि मध्यमिक शत प्रतिशत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान मिलता है परंतु बेसिक में केवल 20 प्रतिशत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान मिलना उनके साथ अन्याय है। जिस पर महानिदेशक ने आश्वासन दिया कि उनका प्रयास रहेगा कि बेसिक में भी शत प्रतिशत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान मिले। प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी ने बताया कि जिले स्तर पर कंपोजिट ग्रांट से सिम रिचार्ज के नाम



पर रुपए काटने में गंभीर अनियमितताएं की गई हैं। अलग-अलग जिलों में 2500 से 4000 रुपए तक की कटौती की गई है। इसके साथ ही ऐसे विद्यालयों की कंपोजिट ग्रांट से भी कटौती कर ली गई है जहां विभाग द्वारा अभी तक सिम ही उपलब्ध नहीं कराए गए। जिस पर महानिदेशक ने समीक्षा के बाद जाँच कराने की बात कही। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल द्वार कई महत्वपूर्ण व लंबे समय से लंबित शिक्षक समस्याओं से भी अवगत कराया गया जिसमें परिषदीय विद्यालयों की संचालन अवधि एनईपी एवं आरटीई मानकों के अनुसार किये जाने, हॉफ डे लीव प्रदान किये जाने, प्रतिवर्ष 31 ई.एल. प्रदान किए जाने, अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण वरिष्ठता के आधार पर किये जाने, प्रतिवर्ष अन्तःजनपदीय स्थानातरण हेतु स्थाई नीति बनाने, अप्रैल 2005 के पूर्व के विज्ञापन से नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने, दुर्घटना या बीमारी से मृत्यु का बीमा कराने, प्रत्येक विद्यालय में प्र.अ. का पद सृजित करने, कक्षावार व विषयवार शिक्षक नियुक्त करने, पदोन्नति पर न्यूनतम 17140/18150 वेतनमान देने, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, प्रतिकर अवकाश देने, शीतकालीन अवकाश में बी.एल.ओ. शिक्षकों से एस.आई.आर. कार्य के एवज में उपार्जित अवकाश देने, सामूहिक बीमा योजना एवं दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करने, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तथा रसोइयों को सम्मानजनक मानदेय देने, संविदा कर्मियों द्वारा विद्यालय निरीक्षण पर रोक लगाने, तकनीकी कारणों से मासिक अटेंडेंस लॉक न कर पाने पर प्र.अ. को दोषी न माने जाने, प्रत्येक विद्यालय में विभागीय सूचनाओं के संग्रह व प्रेषण के लिए एक संविदा कर्मी की नियुक्ति करने, अवकाश तालिका से राष्ट्रीय पर्वों व जयंतियों को बाहर करने आदि माँगों को रखा गया। महानिदेशक ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशीय कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ला, प्रदेश मंत्री डॉ. श्वेता, प्रदेश मीडिया प्रमुख बृजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे ।

# श्री नन्दा जी ने भारत के रेल मंत्री के रूप में सरकार में अपनी अंतिम सेवायें दी थी

**28वीं पुण्यतिथी पर विशेष**

गाँधीवादी विचार-धारा के अप्रतिम योद्धा,महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,मजदूर आन्दोलन के प्रणेता,आदर्श और सादगीपूर्ण जीवन की प्रतिमूर्ति,राजनैतिक जीवन में सदाचार के प्रतीकपुरुष,सनातन-धर्म एवं आध्यात्मिक ज्ञान के उपासक,कुरुक्षेत्र के पुनरुत्थान के कर्मवीर,मानवीय सद्गुणों और संवेदनशीलता का जागृत स्वरूप थे परम-आदरणीय देवतुल्य श्री नन्दा जी। 4 जुलाई 1898 को श्रद्धेय गुलजारीलाल नन्दा जी का जन्म सियालकोट पंजाब प्रांत(पाकिस्तान) अविभाजित भारत में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा पंजाब में ग्रहण कर बी.ए. की डिग्री आगरा में प्राप्त करी और उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दाखिल हुए। 1922 में प्रथम मुलाकात महात्मा गाँधी जी से हुई और नन्दा जी भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक निष्ठावान सिपाही बन गये। गाँधी जी के निर्देश पर मजदूरों



की समस्या और समाधान के लिए तत्कालीन अविभाजित महाराष्ट्र प्रान्त में सक्रिय रूप से अपनी सेवा देने लगे,''मजदूर महाजन सभा'' का गठन कर अहमदाबाद और मुम्बई में प्रवास करने लगे! 1937 में गठित अन्तरिम प्रान्तीय सरकारों के स्वरूप में मुम्बई सरकार में प्रथम बार मन्त्री के रूप में पद ग्रहण किया। 1947 में भारत राष्ट्र आजाद हुआ और देशी सरकार का नेतृत्व पंडित जवाहरलाल नेहरु जी ने प्रधानमन्त्री के रूप में किया,जिसमें नन्दा जी ने समय-समय पर महत्वपूर्ण मन्त्रालयों की जिम्मेदारी निभायी,जैसे योजना,सिंचाई,समाज कल्याण,उद्योग और गृह मंत्रालय प्रमुख थे। 1950 में पंडित नेहरू ने योजना आयोग का गठन किया,पांच वर्षीय काल खंड में विकास हेतू योजनाबद्ध कार्य करना लक्ष्य था। श्री नन्दा जी प्रथम 3 पंचवर्षीय योजनाओं में उपाध्यक्ष के रूप में रहे,अध्यक्ष स्वयं प्रधानमन्त्री होता था। 1962 में श्री नन्दा जी ने भारत में व्याप्त हो भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान का आरम्भ किया था। 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के निधनोपरान्त और 1966 श्रद्धेय लालबहादुर शास्त्री के निधनोपरान्त भारत के प्रधानमन्त्री के रूप में पदभार ग्रहण किया,देश में उत्पन्न अकस्मात परिस्थितिजन्य विपदा के समय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष सहित सम्पूर्ण राष्ट्र ने श्री नन्दा जी पर अपना विश्वास व्यक्त किया जिसे नन्दा जी ने बाखूबी निर्वहन किया। समय परिवर्तन शील है अतः सत्तर के दशक में श्री नन्दा जी ने भारत के रेल मंत्री के रूप में सरकार में अपनी अंतिम सेवायें दी थी। 1968 में श्रद्धेय गुलजारीलाल नन्दा जी ने ''कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड'' का गठन हरियाणा सरकार के माध्यम से किया,भगवान श्रीकृष्ण के कुरुक्षेत्र का पुनर्ज़ागरण और विकास आरम्भ किया जो शायद श्री नारायण हरि की इच्छानुसार ही हुआ था। नन्दा जी अपने सक्रिय जीवन के अंतिम समय तक कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवायें देते रहे। 1997 में भारत सरकार ने श्रद्धेय गुलजारीलाल नन्दा जी की राष्ट्र सेवा और समाज सेवा को द्रष्टिगत रखते हुए ''भारत-रत्न'' के सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया। 15 जनवरी 1998 को देह त्याग कर श्री गुलजारीलाल नन्दा जी की दिव्य आत्मा भगवान नारायण हरि में समाहित हो गई। भारत राष्ट्र की सेवा करने के प्रत्येक दायित्व को सम्पूर्ण निष्ठा और नैतिक मूल्यों के उच्च स्तरीय मापदंड पर रख अपने जीवन को समर्पित किया तथा महात्मा गाँधी जी प्राप्त हुए मार्गदर्शन पर अनवरत चले..कृतज्ञ राष्ट्र और हम सभी देशवासियों की विनम्र श्रद्धांजलि। ''भारत रत्न'' श्रद्धेय श्री गुलजारीलाल नन्दा जी के श्री चरणों में शत शत नमन..श्री नन्दा जी अमर रहें।

# शहीद सैनिकों की पत्नियों (वीर नारियों) एवं सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** जिला प्रशासन की ओर से 10वें वेटरन्स डे के अवसर पर जनपद के शहीद सैनिकों की पत्नियों (वीर नारियों) एवं सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से सुनील कुमार त्रिवेदी, नगर मजिस्ट्रेट हरदोई मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम जनपद के शहीद सैनिकों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तत्पश्चात वेटरन्स डे के अवसर पर जनपद के शहीद सैनिक की पत्नियों (वीर नारियों) जिसमें रामलली पत्नी शहीद सत्यम कुमार पाठक बेबी पत्नी शहीद अवधेश कुमार सिंह, फिरदोस बेगम पत्नी शहीद आबिद खाँ, सेना मेडल, रामदेवी पत्नी शहीद बंशीलाल, सेना मेडल, सुदेश कुमारी पत्नी शहीद बाबू सिंह, अवधेश पाण्डेय पिता शहीद मेजर पंकज कुमार पाण्डेय तथा संजय सिंह पुत्र शहीद सैनिक सुदर्शन सिंह को तथा 55 पूर्व सैनिकों को भी एक शॉल एक स्मृति चिन्ह (मोमेन्टो) तथा एक सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वेटरन्स डे कार्यक्रम का आयोजन कर्नल ओ0पी0 मिश्रा, (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी हरदोई के निर्देशन में किया गया जिसका संचालन महेश मिश्रा, एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर अशोक कुमार अग्निहोत्री का अहम योगदान रहा, कार्यालय स्टाफ में अजय कुमार सिंह, व0 सहायक, सौरभ कुमार सरस, प्रिन्स आकाश, स्नेहलता, तथा तोताराम व रामशरन ने अपना पूर्ण सहयोग किया।

सम्मानित होने वाले पूर्व सैनिक, सूबेदार मेजर मशाल सिंह, बाबूराम, राम सिंह, हरीराम पाण्डेय, जितेन्द्र बहादुर सिंह, बलवीर सिंह, धर्मेन्द सिंह यादव, गया प्रसाद, मलिक अजीजुल हसन, जलालुद्दीन, मोहम्मद सईद, तेजपाल, पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह, सूर्यप्रकाश त्रिवेदी, अरविन्द कुमार मिश्रा, वेद प्रकाश, मनोज कुमार, रामकुमार गौड खुशीराम यादव, नेत्रपाल सिंह यादव, सूबे0 मेजर मनोज कुमार पाण्डेय, मेवाराम, नारायण शंकर दीक्षित, हरिनाम सिंह, सुरेन्द्र कुमार, रामनिवास शुक्ला, दिनेश कुमार, महेन्द्रपाल सिंह, वीरपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, सुशील सिंह, सरोज कुमार सिंह, आर०के० अवस्थी, अमित सिंह गौर, संतोष दीक्षित, नीरज सिंह, ब्रजेश कुमार, राहुल सिंह, जितेन्द्र सिंह चौहान, जय प्रकाश दीक्षित, राजेन्द्र सिंह सोमवंशी, आदि 55 पूर्व सैनिकों (वेटरन्स) को सम्मानित किया गया।

# खेल उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए: डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा एवं सीडीओ सान्या छाबड़ा ने अन्य अधिकारियों के साथ जनपद के बाल संप्रेक्षण गृह का विस्तृत निरीक्षण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य वहां रह रहे बच्चों की सुविधाओं, उनके मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास की स्थिति का जायजा लेना था। जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित खेल के मैदान का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदान की साफ-सफाई और खेल उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों का शारीरिक विकास बेहतर हो सके बच्चों के भविष्य के सपनों और उनकी समस्याओं को सुना डीएम ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, कि यहाँ मिलने वाली शिक्षा और अनुशासन को अपनाकर आप समाज की मुख्यधारा में लौट सकते हैं। इस दौरान जिलाधिकारी, सीडीओ व अन्य सभी अधिकारियों ने ज्ञानवर्धक पुस्तकों का वितरण किया जिलाधिकारी ने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपना खाली समय पढ़ने में बिताएं। हरियाली के संदेश को आगे बढ़ाते हुए, अधिकारियों ने प्रत्येक बच्चे को दो-दो फलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए। बच्चों को इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई ताकि वे पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बन सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संप्रेक्षण गृह को एक सुधार गृह के रूप में विकसित किया जाये और बच्चों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और बच्चों के चेहरे पर इस भेंट से मुस्कान देखी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी व सीडीओ सहित सभी अधिकारियों ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीपीआरओ, जिला उद्यान अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व पुलिस विभाग के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## क्रांतिकारी गरीब सेवा संस्थान ने किया मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन व गरीबो में बांटे कंबल

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** नूतन वर्ष के प्रथम पर्व मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आज सूर्य देव के मकर रेखा पर आने पर पूर्ण आगोश में दिखे पर्व के उल्लास में जनपद हरदोई के अंतगर्त डीएम चौराहे पर सूबे की प्रमुख सामाजिक संस्था क्रांतिकारी गरीब सेवा संस्थान ने बुधवार के दिन विशाल खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया साथ ही गरीबो में कंबल भी बांटे। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से सम्मानित अतिथिगण एवं सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं व सदस्यों ने एक सुर में जय श्री राम का उद्घोष किया। इस दौरान संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश विक्रम सिंह ने कहा कि युवा देश की शक्ति है और इस संस्था में युवाओं की भागीदारी अच्छी है साथ ही बताया कि सूबे में संस्थान के द्वारा तमाम जगहों पर समय समय पर बहुत से कल्याणकारी कार्य होते रहते है।

आपको बताते चले कि जनपद के डीएम चौराहे पर क्रांतिकारी गरीब सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक व टड़ियावां के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने विशाल खिचड़ी भोज के कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर पूजन अर्चन करने के बाद अपने हाथों से कन्याओं को खिचड़ी बाँट कर की कार्यक्रम के दौरान ही संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक अमरेन्द्र प्रताप सिंह व संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश विक्रम सिंह ने संस्थान के पदाधिकारियों के साथ भयंकर ठंड में कंपकपा रहे गरीब, असहाय, निराश्रित, वृद्धजनों, महिलाओं को कंबल वितरण किया साथ ही लोगो से कहा कि गरीबों और असहाय लोगो की मदद करना ही सबसे बड़ी सेवा है। हर इंसान को कमजोर लोगो की मदद के लिए आगे आकर एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। इस मौके पर योगेश विक्रम सिंह, राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह, आदर्श कुमार वर्मा (राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी) ठाकुर सोम सिंह, मुकेश सिंह, बेचेलाल, आजादसिंह परमार, दीपक सिंह गौर, अभिषेक सिंह, सरोज, आलोक तिवारी, आकाश सिंह, आशुतोष सिंह, मोहित सिंह, अतुल ठाकुर, रंजीत राणा, सूर्या ठाकुर, शिव बहादुर सिंह, इंजी0 सौरभ सिंह, अंकित भदौरिया, हर्ष गुप्ता, संतोष पाल, कपिल मौर्य, सचिन सिंह ककरघटा, मुन्ना सिंह मदारा, अमनसिंह, रंजीत कौढा, मोनू ठाकुर धोबिया, सरोज कुमार, अमन कश्यप आदि व संस्था के सैकड़ो सक्रिय सदस्य एवं कार्यकर्ता व कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## श्रीराम उत्थान एवं विकास समिति द्वारा 15 जनवरी को होगा नवीं खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बे में गत वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी 15 जनवरी को श्री राम उत्थान एवं विकास समिति, कटरा गंगा, रामपुर राघोपुर रोड, मल्लावां के तत्वावधान में नवीं वर्ष की खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के संयोजक चन्दगीराम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं धार्मिक सौहार्द को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप खिचड़ी भोज की समुचित व्यवस्था की गई है। समिति द्वारा क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों में प्रमुख रूप से विरेन्द्र द्विवेदी रिटायर एसआई, अनिल कुमार मिश्रा (एडवोकेट), डॉ० शिव प्रकाश दीक्षित, संजू पाठक (पत्रकार), जितेंद्र पाठक (पत्रकार), गोलू शुक्ला (पत्रकार), नरेंद्र शुक्ला (पत्रकार), बेचेलाल प्रजापति (पत्रकार), रविंद्र शुक्ला (पत्रकार), रामकिशोर तिवारी (पत्रकार), विजय कुमार गुप्ता, सत्यवेद सिंह, सुधीर कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा, छोटू शर्मा, जीतू मिश्रा, गुड्डु गुप्ता, शिवम अवस्थी, विजय बहादुर कुशवाहा, रानू कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, आशीष कुशवाहा, दीपक तिवारी, सार्थक गुप्ता, विकास कुशवाहा, राजू गुप्ता, मोहित कुमार, शंकर लाल गुप्ता, अंश मिश्रा, विश्शू कुशवाहा, साहिल शेख, राहुल पटेल, विकास सविता, शिवा, आदित्य, गौरव, सौरभ, प्रिंस गुप्ता, शिवराज टेलर, लियाक़त अली सहित समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

## पशुचर की जमीन के अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकासखंड के पतसेनी देहात में पशुचर की सरकारी भूमि पर बनी वाटिका के आँशिक भाग पर बने कमरे को ध्वस्त कराकर ज़मीन को प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराया! बुलडोजर कार्रवाई की सूचना मिलते ही सरकारी जमीन के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया! ग्राम सभा पतसेनी देहात के पूर्व प्रधान शिवपाल की शिकायत पर



पशुचर की गाटा संख्या 2117 पर बनी वाटिका के आँशिक भाग पर टीनशेड युक्त कमरे पर उप जिलाधिकारी संडीला नारायणी भाटिया के आदेश पर बुधवार को राजस्व निरीक्षक शिवरूप द्विवेदी व लेखपाल अनूप शुक्ल की उपस्थिति में बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कराया गया तथा उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया! इस दौरान उस जमीन या कमरे का कोई भी दावेदार मौके पर नहीं पहुंचा! अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पशुचर की जमीन सरकारी संपत्ति है जिस पर किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा! भविष्य में ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ इसी तरह से कठोर कार्रवाई जारी रहेगी! इसके साथ ही प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की सरकारी जमीन पर किसी प्रकार का अतिक्रमण ना करें अन्यथा कठोर प्रशासनिक कार्रवाई के लिए तैयार रहे! प्रशासन की इस कार्यवाही से आमजन और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली! इसके साथ ही लोगों ने पशुचर की पूरी जमीन को चिन्हित करने की मांग की!

## शाहाबाद में 'जल जीवन मिशन' बना 'जल-लूट मिशन'

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकास खण्ड में पेयजल व्यवस्था के नाम पर ऐसा खेल खेला गया कि सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा दिए गए। विकास खण्ड की 72 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों द्वारा नल रिबोर व मरम्मत कार्य दिखाकर पूरे पांच सालों में प्रति पंचायत कम से कम 10 लाख रुपये की धनराशि निकाली गयी। जिसकी पुष्टि सरकारी पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़े खुद कर रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जलशक्ति मंत्रालय के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव पानी की टंकियां बनवाकर स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू की जा चुकी है। अधिकांश गांवों में नलों से पानी भी आ रहा है। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुधारने के नाम पर कागजों में नल रिबोर और मरम्मत का काम चलता रहा और भुगतान होता रहा। प्रधान-सेक्रेटरी की इस जुगलबंदी में न तो नियम दिखेए न ही जरूरत। फाइलों में कार्य पूरे हुए, बिल लगे और धनराशि जारी होती चली गई। हैरत की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर हुए भुगतान पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर नहीं पड़ी या यूं कहें कि सब कुछ देख-समझकर भी अनदेखा किया गया। कहा जा रहा है कि 'पानी की जगह पैसा पीने' वाले कई प्रधान सत्तारूढ़ पार्टी के प्रभावशाली नेताओं के खासमखास बन गए। ऐसे में 'सैंया भये कोतवाल, फिर डर काहे का' की कहावत जमीन पर उतर आई और प्रधानों ने खुलकर हाथ साफ किया। विकास के नाम पर गांवों की तस्वीर नहीं बदली, लेकिन प्रधानों की तस्वीर जरूर बदल गई। जो प्रधान पहले साइकिल या मोटरसाइकिल पर चलते थे, वे आज चार पहिया लग्जरी गाड़ियों में नजर आते हैं। इन गाड़ियों की चमक और राजसी ठाठ भी अधिकारियों की आंखों से ओझल ही रही। जबकि सच्चाई यह है कि ग्राम प्रधान को महज 5,000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ग्राम प्रधान करोड़पति कैसे बनते जा रहे है। सरकार यदि शाहाबाद विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में नल रिबोर व मरम्मत कार्यों कि उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करा लें तो 'जल-लूट' की व्यवस्था की पूरी पोल खुल सकती है और इसमें ब्युरोक्रेसी से लेकर जन प्रतिनिधियों की पोल पट्टी खुल सकती है।

■ 72 ग्राम पंचायतों में नल रिबोर के नाम पर करोड़ों की बंदरबांट



## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मिला 'अधिवक्ता गौरव बंदे मातरम् श्री सम्मान'



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बार एसोएिसशन हरदोई के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पीडब्ल्यूडी् निरीक्षण भवन मे सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता मे 'अधिवक्ता गौरव श्बंदे मातरम् श्री सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जे0पी0 त्रिवेदी, महामंत्री पंकज सिंह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव सिंह कुशवाहा, उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शुभम सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशासन अनुराधा अग्रवाल, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय मुकेश कुमार सिंह और संयुक्त मंत्री प्रकाशन गोविंद दीक्षित, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह जजवासी, वरिष्ठ सदस्य हिमांशु सिंह वरिष्ठ सदस्य अनुज प्रताप सिंह, जगतपाल शर्मा, श्रीकांत तिवारी, अमित श्रीवास्तव, अजय कुमार मिश्रा, कनिष्ठ सदस्य पारुल शर्मा, अभय पाण्डेय, रिंकू प्रजापति, अजीत सिंह, अजीत कुमार, प्रशांत तिवारी का स्वागत किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बार एसोसिएशन जेपी त्रिवेदी ने भी कहा अधिवक्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा अधिवक्ता हमारे लिए सर्वोपरि है! हम सब अधिवक्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे! महामंत्री पंकज सिंह ने कहा अधिवक्ता समाज कि वह ताक़त है जो समाज के ग़रीब शोषित वंचित लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करता है! हम सब मिलकर अधिवक्ता संघ की ताक़त को मज़बूत करने का काम करेंगे और किसी भी अधिवक्ता पर किसी प्रकार से आँच नहीं आने देंगे! प्रदेश अध्यक्ष डॉ आदर्श दीपक मिश्रा ने सभी सम्मानित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया और साथ ही सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा अधिवक्ता का सम्मान ने मेरे लिए सर्वोपरि है! कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव शिव मोहन शुक्ला एडवोकेट ने। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव कृष्णकांत मिश्र, राजीव सिंह सिम्पल, विजय पाण्डेय, तृप्ति शर्मा एडवोकेट, रामजी अवस्थी, मदन पान्डेय, विमल मिश्र, सुशील त्रिपाठी, आनन्द द्विवेदी, संतोष कुमार सिंह सहित कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान का शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरियावाँ ( हरदोई )।** हरियांवा चीनी मिल में मिल गेट इनर क्षेत्र के उचवल गांव के कृषक जहूर खान के खेत पर बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान का शुभारंभ चीनी मिल के मुख्य संचालन अधिकारी (COO) आशुतोष त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर (COO) ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंगल लाइन 4 फिट की दूरी बुवाई विधि से बसंतकालीन गन्ना बुवाई से गन्ने की पैदावार एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है, जिससे किसानों की आय बढ़ती है।

उन्होंने किसानों से उन्नत प्रजातियों जैसे 0118,14201,13235,15023, 16202,17231 के प्रमाणित बीज, वैज्ञानिक विधि से बुवाई, संतुलित खाद एवं समय पर सिंचाई अपनाने की अपील की। साथ ही बताया कि चीनी मिल द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है। सिंगल लाइन चार फिट बुवाई विधि को बढ़ाने के लिए चीनी मिल द्वारा मशीनीकरण पर आकर्षक प्रोत्साहन दिया जा रहा है इस कार्यक्रम में मिल के इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी, उप इकाई प्रमुख नवीन बंसल, महाप्रबंधक गन्ना संदीप कुमार सिंह, कॉरपोरेट केन टीम हेड अली आरज़ू जैदी, अपर महाप्रबंधक गन्ना सोहनवीर सिंह एवं रीजनल हेड देवेंद्र सिंह, रूपलाल रैगर, उप प्रबंधक गन्ना तिलक सिंह, कौशल सिंह, फील्ड स्टाफ सहित 20 से अधिक किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए प्रेरित करना एवं अधिक उत्पादन की दिशा में मार्गदर्शन देना रहा।

## कृषक गोष्ठी में बसंत कालीन गन्ना बुवाई पर चर्चा की गई



कृषक गोष्ठी में बोलते आशुतोष त्रिपाठी — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** बसतकालीन गन्ना बुवाई हेतु मिल परिक्षेत्र के प्रगतिशील किसानों से परिचर्चा हेतु एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें चीनी मिल परिक्षेत्र के 100 गांवों से लगभग 200 प्रगतिशील कृषको द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर मुख्य संचालन अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी द्वारा चीनी मिल की बढ़ी क्षमता को देखते हुये अधिक से अधिक रकबे में गन्ना बुवाई की आवश्यकता, गन्ने की खेती को सुगम बनाने हेतु मशीनीकरण, बसंतकालीन गन्ना उत्पादन, तकनीक व समसामयिक क्रियाओं पर चर्चा करते हुये गन्ना फसल सुरक्षा प्रबन्ध पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चीनी मिल लोनी के अपर उपाध्यक्ष एवं इकाई प्रमुख, राजा श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि किसान बसंतकालीन गन्ने की ज्यादा से ज्यादा पैदावार लेने हेतु अपनी मिट्टी की जाँच, सन्तुलित उर्वरक, सन्तुलित सिंचाई प्रबन्धन, मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने हेतु ढँचा इत्यादि की बुवाई एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चीनी मिल लोनी के विभागाध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा कृषकों को बसंतकाल में समय से बढ़ाई, उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई जैसे-Co 15023, Co 0118, CoS 13235, CoLK 14201, CoLK 16202 तथा निचली भूमि में Co 98014 की बुवाई करने तथा गन्ना बीज की कमी को देखते हुये किसान भाई अपने गन्ना बीज का सूक्ष्ण अभी से कर लें तथा गन्ना बीज का चयन रोगरहित प्लाट से ही करें। मिल लोनी के अपर महाप्रबन्धक अली आरजू जैदी द्वारा कृषकों को चीनी मिल द्वारा मशीनीकरण पर दिये जा रहे अनुदान एवं पेड़ी प्रबन्धन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद प्रगतिशील किसान अनुराग शुक्ला, राम लखन मिश्रा, प्रेम कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार इत्यादि ने गन्ने की अच्छी पैदावार लेने हेतु किये जाने वाले कृषि कार्यो का अनुभव साझा किया तथा परिचर्चा में उपस्थित सभी प्रगतिशील किसानों द्वारा अपनी समस्त बसंतकालीन गन्ना बुवाई 15 मार्च का पूर्ण करने हेतु शपथ ग्रहण की। मंच का संचालन उप महाप्रबंधक (गन्ना) गौरव रस्तोगी, द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रगतिशील किसान भाइयों को धन्यवाद व्यक्त किया तथा इस अवसर पर चीनी मिल के अधिकारीगण सुनीता पाण्डेय, आनन्द सिंह, प्रवीर सिंह, मोईन खान, सभी जोनल हेड एवं कर्मचारीगण तथा चीनी मिल क्षेत्र के 200 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अलाव की परिक्रमा, लोकगीतों और पारंपरिक पकवानों के साथ दिखा उल्लास

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** फसल उत्सव लोहड़ी का पर्व पंजाबी कालौनी गुरुद्वारा में बड़ी धूमधाम और हर्ष में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जगह-जगह अलाव जलाए गए, जहां लोगों ने लोहड़ी माता की विधिवत पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और खुशहाली की कामना की। पर्व के अवसर पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक लोकगीतों की गूंज के बीच लोगों ने अलाव की परिक्रमा की और अग्नि में तिलए मूंगफली, रेवड़ी, गजक व पॉपकॉर्न अर्पित किए। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में गीत.नृत्य प्रस्तुत कर पर्व की रौनक बढ़ाई, वहीं युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर उत्सव मनाया। घरों में विशेष व्यंजनों का आयोजन किया गया तथा नवविवाहित दंपतियों और नवजात शिशुओं के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। रेशू गुलाटी, स्वाति कुलवंत सिंह, संजय ओबेरॉय, मिंटू सरदार ने रिश्तेदारों व पड़ोसियों के साथ उपहारों का आदान-प्रदान कर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। लोहड़ी पर्व को नई फसल के स्वागत और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता, प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पिहानी के अब्दुल्ला नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अब्दुल्ला नगर के संजय गांधी मोरियल इंटर कॉलेज में 14 जनवरी को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बालक और बालिकाओं को आत्मरक्षाए सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु आत्मरक्षा के तरीके और सुरक्षा के उपाय सरकारी योजनाओं की जानकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी 112 1090 1098 1076 1076 पंपलेट वितरण और जागरूकता बढ़ाने के प्रयास कार्यक्रम में उपस्थित इंस्पेक्टर दिक्षा कांस्टेबल सपना कांस्टेबल विजय हेड कांस्टेबल शैलेंद् प्रबंधक दिलीप मिश्र कार्यवाहक प्रधानाचार्य अगम प्रकाश त्रिवेदी अन्य शिक्षक गण इस कार्यक्रम का लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना था ताकि वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। पिहानी के संजय गांधी मोरियल इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बालक और बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर दिक्षा, कांस्टेबल सपना,कांस्टेबल विजय और हेड कांस्टेबल शैलेंद्र ने भाग लिया। प्रबंधक दिलीप मिश्र और कार्यवाहक प्रधानाचार्य अगम प्रकाश त्रिवेदी ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

### मछरेहटा ने सल्लिया को हराकर जीता खिताब

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पंडरवा किला मैदान में आयोजित पंडरवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन गया। सल्लिया और मछरेहटा की टीमों के बीच खेले गए इस खिताबी मुकाबले में रोमांच चरम पर रहा। शानदार खेलए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा और दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ ने इस मुकाबले को पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सल्लिया की टीम ने मजबूत शुरुआत की। हालांकि मछरेहटा के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर दबाव बनाए रखा। निर्धारित ओवरों में सल्लिया की टीम 120 रन ही बना सकी। लक्ष्य भले ही छोटा था, लेकिन फाइनल के दबाव में मुकाबला आसान नहीं था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मछरेहटा टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार संतुलन दिखाया। सलामी बल्लेबाजों ने टीम को ठोस शुरुआत दिलाई, जबकि मध्यक्रम में बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी निभाई। अंततः मछरेहटा टीम ने चार विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और पंडरवा प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया।मैच के दौरान पंडरवा ग्राउंड पर लाखों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। हर चौके-छक्के पर मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। ग्रामीण अंचल में आयोजित इस टूर्नामेंट ने यह साबित कर दिया कि क्रिकेट के प्रति लोगों का जुनून किसी बड़े स्टेडियम से कम नहीं है। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व प्रधान रफ्फन खान एवं पिहानी ब्लॉक प्रमुख खुशी वाजपेई ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नशे और गलत रास्तों से दूर रखकर खेल और अनुशासन की ओर प्रेरित करते हैं। टूर्नामेंट के प्रमुख पुरस्कार मैन ऑफद मैच-सरताज (10 गेंदों पर 30 रन की विस्फोटक पारी) मैन ऑफ द सीरीज- जीशान (108 रन व 8 विकेट) बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट-फैसल सीपी बेस्ट बॉलर-शेट्टी पन्नू विजेता मछरेहटा टीम के कप्तान अली खान को पुरस्कार स्वरूप स्प्लेंडर बाइक के साथ 11,000 रुपये नकद प्रदान किए गए। वहीं उपविजेता सल्लिया टीम के कप्तान अंकित काबिल को 51,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कमेटी अध्यक्ष रफ्फन खान के साथ-साथ सिवान, मामूर, तौफीक, साहिल, अर्सलान, उमर और सावान खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अमेरिका की निगाह ईरान पर

ईरान में दिसंबर 2025 के आखिरी दिनों में आर्थिक संकट से भड़का आंदोलन अब सत्ता के खिलाफ खुले विद्रोह में बदल चुका है। ईरान की सड़कों पर इस समय भयावह मंजर है। एक तरफ सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ सड़कों पर उबाल जारी है, तो वहीं प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है। लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप भले खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सबसे योग्य मानें, असल में वे युद्ध अपराधों और मासूमों की जान लेने के दोषी ठहराए जाने चाहिए। वेनेजुएला पर तो ट्रंप अपना दावा ठोंक ही चुके हैं, अभी उन्होंने एक तस्वीर भी जारी की है, जिसमें वो खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति दिखा रहे हैं। किसी देश की संप्रभुता और सम्मान के साथ ऐसा मजाक आधुनिक सभ्यता में नहीं किया जा सकता। लेकिन ट्रंप सभ्यता, कूटनीति और नैतिकता के तकाजों को मानते ही नहीं हैं। उन्हें केवल मुनाफ़े की परिभाषा समझ आती है। ट्रंप ने वेनेजुएला के बाद ग्रीनलैंड हड़पने की चेतावनी दी है। उत्तर अमेरिका और आर्कटिक के बीच बसा ग्रीनलैंड ट्रंप को अपने लिए सामरिक महत्व का लगता है, लेकिन केवल इस वजह से उस पर कब्जे की इजा?ात नहीं दी जा सकती। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्द्धस्वायत्त वाला देश है, यहां के लोग खुद अपना शासन चलाते हैं लेकिन विदेश नीति और सेना डेनमार्क के पास है। डेनमार्क ने साफ चेतावनी दी है कि अगर ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्रवाई की, तो नाटो खत्म हो जाएगा। फ्रांस, इटली, जर्मनी जैसे बाकी देश भी अब ट्रंप से सावधान हो चुके हैं। जब अमेरिका की पूंजीवादी विस्तारवादी नीति एशिया या अफ्रीका के देशों को अपनी चपेट में लेती रही, तो ये यूरोपीय देश लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर अमेरिका का साथ देते आए। मगर अब खुद उन पर आंच आनी शुरु हुई तो उन्हें समझ आ रहा है कि-लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में, यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है।। -राहत इंदौरी। बहरहाल, यूरोपीय देशों को जो खतरा अब दिख रहा है, ईरान से उसे पहले ही भांप लिया था। हालांकि इसमें ईरानी शासन की अपनी खामियां भी हैं, लेकिन उसे अपने स्तर पर सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए, न कि इसमें बाहरी ताकतों का दखल होना चाहिए। इस समय ईरान में आर्थिक संकट से खड़े हुए आंदोलन के बाद तख्तापलट का खतरा बढ़ गया है। पिछले साल 28 दिसंबर को शुरू हुए जनआंदोलन में अब तक 5 सौ से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं और 10 ह?ार से ज्यादा लोग बंदी बनाए गए हैं।

**ईरान की सड़कों पर इस समय भयावह मंजर है। एक तरफ सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ सड़कों पर उबाल जारी है, तो वहीं प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है। लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप भले खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सबसे योग्य मानें, असल में वे युद्ध अपराधों और मासूमों की जान लेने के दोषी ठहराए जाने चाहिए।**

1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद 47 साल में ऐसा आंदोलन कभी नहीं देखा गया। हालांकि इस बीच महसा अमीनी की मौत के बाद महिला अधिकारों को लेकर 2022 में आंदोलन हुआ था, लेकिन उसकी प्रकृति अलग थी।इन विरोध प्रदर्शनों पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि आतंकवादियों ने न केवल नागरिकों बल्कि सुरक्षा बलों को भी निशाना बनाया है, जिनका उद्देश्य देश को अस्थिर करना है। उनका यह भी कहना है कि सुरक्षाबलों ने जरूरत पड़ने लायक ही कार्रवाई की है। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा जाता है, तो वह श?ोरदार हमला करेंगेश। ट्रंप ने कहा कि वह श्वहीं चोट देंगे, जहां सबसे ज्यादा दर्द होगाश।श यह सड़कछाप भाषा ईरान का तेल हथियाने और उसके परमाणु कार्यक्रम बंद कराने के लिए है। पिछले साल इजरायल के जरिए एक बार यह कोशिश अमेरिका कर चुका है। इस बार ईरान के लोगों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रंप ने साफ कहा है कि अमेरिका ईरानी शासन का विरोध करने वालों की मदद के लिए तैयार है। हालांकि ईरान ने इसके जवाब में कहा है कि अगर ऐसा होगा, तो वो क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों और उसके हितों पर हमला करेगा।इस बीच, ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने प्रदर्शनकारियों से सड़कों पर डटे रहने की अपील की है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद रेजा पहलवी के पिता ट्ठू शाह पहलवी को सत्ता से हटा दिया गया था। अब ट्ठू पहलवी निर्वासन में रहकर आंदोलन को नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बार पहलवी परिवार की वापसी की मांग वाले नारे भी सुने जा रहे हैं, इससे संकेत मिल रहे हैं कि कहीं ईरान में अपनी पिट्ठू सरकार बनाने की तैयारी तो अमेरिका की नहीं है।इधर ईरान में प्रदर्शन रोकने के लिए सरकार ने इंटरनेट ब्लैकआउट का सहारा लिया है, लेकिन यह कितना कारगर होगा, कहा नहीं जा सकता। अयातुल्लाह खामेनेई को सबसे पहले आर्थिक संकट दूर करने के उपाय तलाशने होंगे।

## मकर संक्रांति: सृष्टि में ऊर्ज़ा का नवसंचार करने वाला पर्व

मृत्युंजय दीक्षित

शीत ऋतु के मध्य जब सूर्यदेव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उनकी उत्तरायण गति प्रारम्भ होती है, तब मकर संक्रांति होती है। यह पर्व सृष्टि में उर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति के दिन जप, तप, दान, स्नान, श्रद्धा, तर्पण आदि धार्मिक विधि विधान व कर्मों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दिया गया दान सौ गुना बढ़कर प्राप्त होता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, गौ, स्वर्ण, ऊनी, वस्त्र, कम्बल आदि दान करने का विशेष महत्व है। । इस दिन गंगा स्नान एवं गंगातट पर दान का विशेष महत्व है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगा सागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। इस संक्रांति से सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं। इस पर्व का का सम्बन्ध हमारे पौराणिक इतिहास से भी है। इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। महाभारत काल में इसी दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था। आज ही के दिन गंगाजी भगीरथ के पीछे- पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी और यही कारण है कि इस पर्व को बुराइयों और नकारात्मकता समाप्त करने का पर्व कहा जाता है।

वैज्ञानिक मान्यता है कि इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा सूर्य का ताप बढ़ने लगता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश का वातावरण अधिक होता है अतः सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चैतन्यता एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती हैं । इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है। हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है। इस दिन पारम्परिक मक्के की रोटी व सरसों के साग का आनंद भी उठाया जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पर्व दान का पर्व है। तीर्थराज प्रयाग में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर विशाल मेला लगता है, जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है।उसी दिन से मांगलिक कार्यों भी आरम्भ हो जाते है। माघ मेला स्नान पौष पूर्णिमा से शिवरात्रि तक चलता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में गोरखनाथ मंदिर में विशाल मेला लगता है जो खिचड़ी मेले के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर पर नेपाल के राज परिवार की ओर से गोरक्षनाथ को प्रथम खिचड़ी अर्पित होती है। राज्य की सभी नदियों के तट पर स्नान तथा व दान पर्व होता है। इस दिन दान के उपरांत खिचड़ी खाने एवं खिलाने का बड़ा महत्व है। तमिलनाडु में इस पर्व को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाया जाता है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है। जिसे पोंगल कहते हैं। इसके बाद सूर्यदेव को भोग लगाया

**वैज्ञानिक मान्यता है कि इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा सूर्य का ताप बढ़ने लगता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश का वातावरण अधिक होता है अतः सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चैतन्यता एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती हैं । इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है। हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है। इस दिन पारम्परिक मक्के की रोटी व सरसों के साग का आनंद भी उठाया जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पर्व दान का पर्व है।**



जाता है। कर्नाटक, केरल व आंध्रप्रदेश में इसे संक्रांति ही कहते हैं। बिहार में भी इस पर्व को खिचड़ी नाम से ही जाना जाता हैं। महाराष्ट्र में भी यह पर्व बड़े धूमधाम व उमंग के साथ मनाया जाता है यहाँ इस दिन महिलाएं आपस में तिल, गुड़ एवं रोली और हल्दी बांटती है। वहीं बगाल में इस पर्व पर तिल दान करने की प्रथा है। यहां गंगासागर में प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है। असोम में मकर संक्रांति को माघ बिहु अथवा भोगाली बिहू के नाम से मनाया जाता हैं । गुजरात में मकरसंक्रांति पर दान स्नान के साथ साथ पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है जिसमें भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक तथा बड़ी- बड़ी हस्तियां हिस्सा लेती हैं। मकर सक्रांति का पर्व पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ने वाला उत्साह, उमंग और उल्लास का पर्व है। यह समाज को सकारात्मक विचार प्रदान करने वाला पर्व है। सामाजिक एकीकरण का पर्व है। हिन्दुओं की साझी परंपरा का पर्व है। हमें इस आध्यात्मिक ऊर्जा से भरे पर्व की राष्ट्रीय सार्थकता को समझते हुए इसके मूल स्वरूप को बचाए रखने का प्रण लेकर इसे उपभोक्तावाद से संरक्षित करना होगा।

## पंजाब में गैंगस्टरों का उदय

निजीश एन

2026 के सिर्फ पहले हफ्ते में, पंजाब में लगातार 4 टारगेटेड किलिंग हुईं, जो राज्य में मुश्किल हिंसा के जमे हुए पैटर्न के लगातार बने रहने और बढने तथा कानून-व्यवस्था में गंभीर कमियों को दिखाती हैं। हमलावरों का साफ तौर पर बेखौफ होना, खालिस्तान समर्थक चरमपंथी तत्वों, नारकोटिक्स की तस्करी और स्थानीय राजनीतिक दुश्मनी से जुड़े ट्रांसनैशनल ऑर्गेनाइज्ड क्राइम और गैंगस्टर नैटवर्क की बढ़ती हिम्मत को दिखाता है। 5 जनवरी, 2026 को, गगनदीप सिंह, जो बाऊंसर के तौर पर काम करने वाले एक पूर्व कबड्डी खिलाड़ी थे और जगराओं की 'आप' विधायक सरवजीत कौर के करीबी रिश्तेदार थे, को जगराओं में मानुके गांव के बाहरी इलाके में अनाज मंडी के पास एक खेत में हथियारबंद हमलावरों ने गोली मार दी। शुरुआती जांच से पता चलता है कि हत्या दुश्मन ग्रुप्स के बीच झगड़े के बाद हुई। 4 जनवरी, 2026 को, 'आप' सरपंच जरमल सिंह को अमृतसर जिले में अमृतसर-अटारी रोड पर वेरका के पास एक रिजॉर्ट में भीड़ भरे शादी समारोह के दौरान 2 बिना मास्क वाले हथियारबंद हमलावरों ने गोली मार दी। उनको एक साल से ज्यादा समय से विदेश में रहने वाले गैंगस्टर प्रभ दासुवाल से जबरन वसूली की धमकियां मिल रही थीं। 3 जनवरी, 2026 को, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता उमरसिर सिंह को मोगा जिले के ङ्क्षभडर कलां गांव में अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने गोली मार दी। इससे पहले, 2 जनवरी, 2026 को, हेमप्रीत कौर, एक एन.आर.आई., जो लगभग एक महीने पहले विदेश से लौटी थी, की कपूरथला जिले में दो मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने टारगेटेड हमले में गोली मारकर हत्या कर दी। खास बात यह है कि 2016 में इस पैटर्न के फिर से शुरू होने के बाद से, 8 साल (2008-2015) के बाद, 2025 में पंजाब में टारगेटेड किलिंग की सबसे ज्यादा संख्या दर्ज की गई है, जिसमें ज्यादातर घटनाएं विदेशों में मौजूद गैंगस्टर सिंडिकेट और कट्टरपंथी खालिस्तानी तत्वों से जुड़े ट्रांसनैशनल क्राइम नैटवर्क से जुड़ी हैं। खालिस्तान एक्सट्रीमिज्म मॉनिटर (के.ई.एम.) के डाटा से पता चलता है कि पंजाब में गैंगस्टर या आतंक से जुड़ी ये मौतें हुईं-2016 में 3 (सभी आम नागरिक, टारगेटेड किलिंग), 2017 में 6 (सभी आम नागरिक, टारगेटेड किङ्क्षलग), 2018 में 3 (आतंकवादी हमले में आम नागरिक मारे गए), 2019 में 2 (एक ब्लास्ट में दो आतंकवादी मारे गए), 2020 में 2 (आम नागरिक, टारगेटेड किङ्क्षलग), 2021 में 1 (ब्लास्ट में आतंकवादी मारा गया), 2022 में 3 (आम नागरिक, टारगेटेड किलिंग), 2023 में 6 (3 आम नागरिक और 3 गैंगस्टर, सभी टारगेटेड किलिंग), 2024 में 9 (7 आम नागरिक और 2 गैंगस्टर-8 टारगेटेड किलिंग और एक इंटर-गैंग वॉर) और 2025 में तेजी से बढ़कर 31 (19 आम नागरिक, 3 आतंकवादी और 9 गैंगस्टर, जिनमें 21 टारगेटेड किलिंग) शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर टारगेटेड किलिंग एक कमांड-एंड-कंट्रोल स्ट्रक्चर को दिखाती हैं, जो उत्तर भारत में लोकल और मिड-लैवल गैंग के ऑपरेटिव को अमरीका, कनाडा, यूरोप, लातिन अमरीका, मिडल ईस्ट और साऊथ-ईस्ट एशिया से ऑपरेट करने वाले विदेश में मौजूद गैंग लीडर्स के साथ-साथ पाकिस्तान की आई.एस.आई. के सपोर्ट वाले गैंगस्टर्स और आतंकवादियों से जोड़ता है। 2016-17 के दौरान, ऐसी हिंसा में मुख्य रूप से गैर-सिख धार्मिक नेताओं और खालिस्तान विरोधी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि सांप्रदायिक तनाव बढ़ाया जा सके और अलगाववादी भावना को फिर से जगाया जा सके। हाल के सालों में, खासकर 2022 में गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद, टारगेट प्रोफाइल में एन.आर.आई., व्यापारी और बिजनैसमैन, कबड्डी प्लेयर जैसे खिलाड़ी और पंजाबी गायक शामिल हो गए हैं, जो इन क्रिमिनल-टैरारिस्ट नैटवर्क के अंदर बड़े पैमाने पर 'एक्सटॉर्शन रैकेट' की बढ़ती केंद्रीयता को दिखाता है। 31 दिसम्बर, 2025 को, पंजाब के डी.जी.पी. गौरव यादव ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर और आई.एस.आई. पर गैंगस्टरों और आतंकवादियों को हथियार सप्लाई करके राज्य को अस्थिर करने की नई साजिशें रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 40 विदेशी गैंगस्टर पंजाब में हिंसा भड़काने की कोशिश में एक्टिव थे, जबकि 400 से ज्यादा गैंग या मॉड्यूल अभी काम कर रहे थे, जिनकी सही संख्या अलग-अलग हो सकती है। डी.जी.पी. ने बताया कि 2025 में पूरी कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में और ज्यादातर राज्यों के मुकाबले बेहतर थी। उन्होंने बताया कि साल के दौरान, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) और फील्ड यूनिट्स ने 416 गैंगस्टर मॉड्यूल खत्म किए, उनसे जुड़े 992 अपराधियों को गिरफ्तार किया, 620 हथियार और 252 गाडियां जब्त कीं और केंद्रीय एजैंसियों के साथ मिलकर अनमोल बिश्नोई, परमिंदर सिंह उर्फ पिंदी, सुखदेव कुमार उर्फ मनीष बेदी, और साजन मसीह उर्फ गोरू जैसे गैंगस्टरों का प्रत्यर्पण करवाया। सिख समुदाय में खालिस्तानी चरमपंथी गैंग नैटवर्क के जरिए काम करते हैं, लड़ाकों को भर्ती करते हैं, अक्सर बेरोजगार युवा, जिनका कोई पिछला क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होता, उन्हें कैश इनाम या विदेश में बेहतर जिंदगी का वादा करके टारगेटेड किलिंग और ग्रेनेड हमलों सहित दूसरे ङ्क्षहसक कामों को अंजाम देते हैं। विपक्ष ने 'आप' सरकार पर कानून-व्यवस्था की नाकामी का आरोप लगाया, वहीं सरकार ने मौजूदा 'गैंगस्टरवाद' संकट की जड़ का कारण पिछले डेढ़ दशक में पिछली सरकारों के गलत शासन और राजनीतिक संरक्षण को बताया। क्रिमिनल नैटवर्क की राजनीतिक पकड़, जो लोकल सत्ता संघर्ष और गहरी क्रिमिनल-पॉलिटिकल सांठगांठ से जुड़ी हुई है, हाल के लोकल बॉडी चुनावों में भी साफ दिखी। मौजूदा हाइब्रिड खतरा, जो ट्रांसनैशनल ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, नारकोटिक्स नैटवर्क और एक्सट्रीमिस्ट एक्टर्स के मिलने से पैदा हुआ है, ने पंजाब में जन सुरक्षा को कमजोर कर दिया है। लगातार पुलिस ऑप्रेशन के बावजूद, बार-बार दिन-दिहाड़े टारगेटेड किलिंग से पता चलता है कि इंटैलीजैंस, प्रिवैंटिव पुलिसिंग और रोकथाम में लगातार कमी है।

**हमलावरों का साफ तौर पर बेखौफ होना, खालिस्तान समर्थक चरमपंथी तत्वों, नारकोटिक्स की तस्करी और स्थानीय राजनीतिक दुश्मनी से जुड़े ट्रांसनैशनल ऑर्गेनाइज्ड क्राइम और गैंगस्टर नैटवर्क की बढ़ती हिम्मत को दिखाता है। 5 जनवरी, 2026 को, गगनदीप सिंह, जो बाऊंसर के तौर पर काम करने वाले एक पूर्व कबड्डी खिलाड़ी थे और जगराओं की 'आप' विधायक सरवजीत कौर के करीबी रिश्तेदार थे, को जगराओं में मानुके गांव के बाहरी इलाके में अनाज मंडी के पास एक खेत में हथियारबंद हमलावरों ने गोली मार दी।**

## 'भजन-राज' यानी 'भरोसे के शासन' में राजस्थान के नये आयाम

ललित गर्ग

राजस्थान की राजनीति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हालिया दौरा किसी औपचारिक कार्यक्रम या शिष्टाचार भर तक सीमित नहीं था, वह एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत, एक भरोसे की सार्वजनिक मुहर और एक स्थायित्व का उद्घोष था। जाते-जाते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पीठ थपथपाकर अमित शाह ने यह जता दिया कि प्रदेश की कमान अब पूरी तरह ऐसे नेतृत्व के हाथों में है, जिस पर केंद्रीय आलाकमान को केवल विश्वास ही नहीं, बल्कि गहरा संतोष भी है। जिसे कभी राजनीतिक गलियारों में 'सरप्राइज पैकेज' कहकर देखा गया था, वही नेतृत्व आज राजस्थान की स्थिरता, सुशासन और भविष्य की ठोस नींव के रूप में स्थापित हो चुका है और राजस्थान की स्वर्णगाथा लिखने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक विशिष्ट और लगातार सफल रहा प्रयोग यह रहा है कि वे सत्ता और संगठन में नए चेहरों को निर्णायक जिम्मेदारियां सौंपने से नहीं हिचकते। पर्दे के पीछे वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अचानक मुख्यमंत्री, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष या राज्यपाल जैसे पदों पर आसीन करना मोदी की राजनीतिक शैली का साहसिक पक्ष रहा है। इन निर्णयों ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राजनीति में अनुभव के साथ-साथ चरित्र, प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाना भी ऐसा ही एक निर्णय था, जिसने आरंभ में अनेक लोगों को आश्चर्य में डाला। किंतु समय ने सिद्ध कर दिया कि यह निर्णय भावनात्मक नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक समझ और दूरदृष्टि पर आधारित था। मुख्यमंत्री पद संभालते ही भजनलाल शर्मा ने यह साफ कर दिया कि वे सत्ता को साधन मानते हैं, साध्य नहीं। उनका एजेंडा कुर्सी बचाने का नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने का है। राजस्थान लंबे समय तक गुटीय राजनीति, शक्ति-संतुलन और पर्दे के पीछे चलने वाले समीकरणों से जूझता रहा है। सत्ता के भीतर ही सत्ता को चुनौती देने वाली प्रवृत्तियां यहां सामान्य रही हैं। भजनलाल शर्मा ने बिना किसी टकराव, बिना शोर-शराबे और बिना किसी को अपमानित किए, इन सभी प्रवृत्तियों को धीरे-धीरे अप्रासंगिक कर दिया। उन्होंने शासन को व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि प्रणाली-केंद्रित बनाया। यही कारण है कि आज निर्णय तेजी से होते हैं, उन पर अमल भी होता है और उनकी जवाबदेही भी तय होती है। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है, जो केवल कागजों या भाषणों तक सीमित नहीं रही। विशेष रूप से पेपर लीक माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई ने सरकार की मंशा और मुख्यमंत्री के साहस को स्पष्ट रूप से उजागर किया। वर्षों से यह माफिया लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता रहा, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उस पर हाथ डालने का साहस कोई नहीं कर पाया। भजनलाल शर्मा ने सत्ता संभालते ही इस समस्या को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। एसआईटी के गठन, त्वरित जांच, बड़े नामों की गिरफ्तारी और बिना किसी दबाव के निष्पक्ष कार्रवाई ने यह सिद्ध कर दिया कि यह सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, परिणामों में विश्वास रखती है। इससे न केवल युवाओं का भरोसा लौटा, बल्कि यह संदेश भी गया कि अब राजस्थान में कानून से बड़ा कोई नहीं है। इसी प्रकार, दशकों से प्यास से जूझ रहे राजस्थान के लिए ईआरसीपी परियोजना पर मध्य प्रदेश के साथ हुआ ऐतिहासिक समझौता मुख्यमंत्री की राजनीतिक परिपक्वता और संवाद क्षमता का प्रमाण है। जिस योजना को वर्षों तक केवल चुनावी वादों और फाइलों में उलझाकर रखा गया था, उसे उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग और पड़ोसी राज्य के साथ सकारात्मक संवाद के जरिए वास्तविकता में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया। यह निर्णय बताता है कि भजनलाल शर्मा टकराव की राजनीति के बजाय समाधान की राजनीति में विश्वास रखते हैं। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी उनकी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों के लिए अब कोई नरमी नहीं है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपराधियों में कानून का भय-ये सभी कदम इस बात के प्रमाण हैं कि राज्य में सत्ता का इकबाल लौट रहा है। आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है और अपराधी खुद को असुरक्षित। यह सुशासन का सबसे ठोस संकेत होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकसित भारत' की संकल्पना को राजस्थान में जमीन पर उतारने में भी मुख्यमंत्री की सक्रियता स्पष्ट दिखाई देती है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचें, यह केवल नारा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता बनी है। फैसलों में स्पष्टता, गति और निष्पक्षता-इन तीनों का संतुलन उनकी कार्यशैली को विशिष्ट बनाता है। यही कारण है कि विपक्ष भी आज ठोस आलोचना के बिंदु खोजने में असहज नजर आता है। भजनलाल शर्मा के शासन की चर्चा करते समय उनके चारित्रिक और व्यक्तिगत गुणों का उल्लेख अत्यंत आवश्यक है। राजनीति में जहां दिखावा, आडंबर और अहंकार आम बात हो चली है, वहीं भजनलाल शर्मा अपनी सरलता, सहजता और सादगीपूर्ण जीवनशैली के लिए पहचाने जाते हैं। सत्ता में आने के बाद भी उनके व्यवहार, भाषा और जीवन-शैली में कोई कृत्रिम बदलाव नहीं आया। वे निर्णय लेते समय दृढ़ होते हैं, लेकिन संवाद में विनम्र रहते हैं। उनका राजनीतिक कौशल शोर में नहीं, बल्कि परिणामों में दिखाई देता है। वे जानते हैं कि कब कठोर होना है और कब संयम रखना है। यही संतुलन उन्हें भीड़ से अलग करता है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और जनता के प्रति उत्तरदायित्व-ये सभी गुण उनके नेतृत्व को नैतिक आधार प्रदान करते हैं।

राजस्थान के अब तक के मुख्यमंत्रियों का शासन बहुआयामी अनुभवों से भरा रहा है, जिसमें प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक न्याय, विकासात्मक प्राथमिकताओं और राजनीतिक स्थिरता-इन सभी के विविध रूप देखने को मिलते हैं। हीरालाल शास्त्री और जय नारायण व्यास जैसे प्रारंभिक मुख्यमंत्रियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी। मोहनलाल सुखाड़िया का दीर्घकालीन शासन सिंचाई, पंचायतीराज और सामाजिक सुधारों के लिए स्मरणीय रहा, जिसे 'आधुनिक राजस्थान' की आधारशिला माना जाता है। बाद के वर्षों में हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर और अशोक गहलोत ने कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा-स्वास्थ्य और विकेंद्रीकरण पर बल दिया, जबकि भैरोंसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के शासन में आधारभूत संरचना, औद्योगिक निवेश, सड़क-बिजली और प्रशासनिक सख्ती पर अधिक जोर दिखा। इन सबके तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाकृत नया होते हुए भी ल्लसुशासन, अनुशासन और डिलीवरीङ्क के संकल्प के साथ आगे बढ़ता दिखाई देता है। उनका फोकस प्रशासनिक चुस्ती, कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, केंद्र-राज्य समन्वय और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर है। पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों के शासन जहाँ दीर्घ अनुभव और स्थापित नीतिगत पहचान के लिए जाने जाते हैं, वहीं भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाओं, परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति और नई कार्यशैली के परीक्षण के दौर में है। इस प्रकार राजस्थान की राजनीति में उनका कार्यकाल परंपरा और परिवर्तन-दोनों के बीच एक सेतु की तरह देखा जा सकता है, जहाँ पूर्व शासनों की उपलब्धियों से सीख लेकर भविष्य के लिए अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी शासन मॉडल गढ़ने का प्रयास परिलक्षित होता है। आज राजस्थान में 'भजन राज' का अर्थ केवल सत्ता का संचालन नहीं, बल्कि भरोसे का शासन है। ऐसा शासन, जहां कार्यकर्ता खुद को गौरवान्वित महसूस करता है और आम नागरिक खुद को सुरक्षित। केंद्रीय आलाकमान की खुली छूट और अमित शाह की पीठ थपथपाहट ने मुख्यमंत्री को और अधिक ऊर्ज़ा के साथ काम करने का संबल दिया है।

**मुख्यमंत्री पद संभालते ही भजनलाल शर्मा ने यह साफ कर दिया कि वे सत्ता को साधन मानते हैं, साध्य नहीं। उनका एजेंडा कुर्सी बचाने का नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने का है। राजस्थान लंबे समय तक गुटीय राजनीति, शक्ति-संतुलन और पर्दे के पीछे चलने वाले समीकरणों से जूझता रहा है। सत्ता के भीतर ही सत्ता को चुनौती देने वाली प्रवृत्तियां यहां सामान्य रही हैं। भजनलाल शर्मा ने बिना किसी टकराव, बिना शोर-शराबे और बिना किसी को अपमानित किए, इन सभी प्रवृत्तियों को धीरे-धीरे अप्रासंगिक कर दिया। उन्होंने शासन को व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि प्रणाली-केंद्रित बनाया।**

# उन्नाव में मकर संक्रांति पर निकली 15वीं साईं शोभायात्रा

- सुरेंद्र वर्मा बाबा के नेतृत्व में निकली यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। मकर संक्रांति के अवसर पर 15वीं साईं शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। साईं मंदिर के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा 'बाबा' के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा का नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ।

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण साईं जी का रथ रहा, जिसे श्रद्धालु अपने साथ लेकर चल रहे थे। इसमें कथावाचक आचार्य लंकेश जी महाराज, कथावाचक दिव्या अवस्थी और वृंदावन से पधारे महाराज सुशील जी सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा और भक्तगण शामिल हुए। यात्रा में राधा-कृष्ण, साईं, भोलेनाथ, राम जी, हनुमान, भारत माता, दुर्गा माता और भूतों की टीम सहित सैकड़ों झांकियां शामिल थीं। इन झांकियों के साथ ढोल-नगाड़ों की टीम ने भी अपनी प्रस्तुति दी। हरदोई पुल के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा और उनकी टीम ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद सपा नेता मंजीत यादव और समाजसेवी प्रभात सिन्हा ने भी यात्रा का अभिनंदन किया। हरदोई पुल के आगे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने साईं शोभायात्रा का स्वागत करते हुए सुरेंद्र वर्मा 'बाबा' को शॉल भेंट की।

गुरुद्वारा के सामने सिख समुदाय के वरिष्ठ सदस्यों ने सुरेंद्र वर्मा का स्वागत किया। आईबीपी चौराहा, बस स्टैंड और बड़ा चौराहा पर राज गारमेंट के मालिक राम जी गुप्ता और सभासद मनोज यादव ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। समाजसेवी और भजन होटल के मालिक सुमित सोनी ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने शहर में जोरदार स्वागत किया, जबकि छोटा चौराहा पर व्यापारियों , मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया और लोक नगर मोड़ पर कांग्रेस नेता तन्मय श्रीवास्तव ने टीम के साथ फूल वर्षा कर सुरेंद्र वर्मा का अभिनंदन किया। यह शोभायात्रा छोटा चौराहा और लोक नगर से होते हुए साईं पुरम चौरा मोड़ स्थित साईं मंदिर पहुंची। मंदिर में भजन-कीर्तन और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सौरभ वर्मा, नीरज, केशव, सचिन वर्मा, मानस सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

## गंगा कटान को लेकर अवर अभियंता ने किया निरीक्षण

फतेहपुर चौरासी-उन्नाव।स्थानीय क्षेत्र के कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ती जा रही है। अभी भी गंगा में कटान हो रहा है। कटान पर बुधवार को क्षेत्रीय लोगों के साथ अवर अभियंता ने निरीक्षण किया। बाढ़ से कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग गंगा के पुल के पास भी कट रहा है। जिससे आवागमन प्रभावित हो गया। बुधवार को ग्राम प्रधान रोशन, लक्ष्मीनारायण, फलाहारी बाबा, सुशील बाजपेयी, अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कटान पर आ गए। लोक निर्माण के अवर अभियंता ने निरीक्षण करते हुए कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर जल्दी ही वैकल्पिक मार्ग बनाने का काम किया जाएगा। ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार ने कहा बाढ़ के समय हुए कटान से शिवराज पुर काली मिट्टी मार्ग पहले ही कट चुका है। छह माह लगभग बीत गए हैं लेकिन अभी तक मार्ग नहीं बना जिससे व्यापारियों, छात्र छात्राओं, कटरी वासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पंचायत राज सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रशासन सख्त, त्वरित समाधान के निर्देश

- जिला अध्यक्ष चमन कुमार के नेतृत्व में उठीं पांच प्रमुख लंबित मांगें, डीपीआरओ ने पटल प्रभारी को दिए तत्काल कार्रवाई के आदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चमन कुमार द्वारा पंचायत राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की पांच महत्वपूर्ण एवं लंबे समय से लंबित समस्याओं को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा का ध्यान आकृष्ट कराया गया। कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए डीपीआरओ आलोक सिन्हा ने तत्काल प्रभाव से पटल प्रभारी अभिषेक तिवारी को सभी प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश तिवारी एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष आयुष वर्मा भी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रुख अपनाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## मकर संक्रांति पर गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

उन्नाव मकर संक्रांति के पावन पर्व पर उन्नाव के पी.डी. नगर स्थित भव्य शिखा हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को सही पोषण, नियमित चिकित्सकीय जांच और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भव्या दुबे ने गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम एवं आयरन की आवश्यक दवाओं के साथ-साथ ताजे फल वितरित किए। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार लेना अत्यंत आवश्यक है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से जटिलताओं से बचाव संभव है और मां व शिशु दोनों स्वस्थ रहते हैं। डॉ. दुबे ने कहा कि गर्भावस्था के समय पोषण की कमी से शारीरिक कमजोरी के साथ-साथ शिशु के विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## डीएम ने निर्माणाधीन गेट परिसर टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर एवं बौद्ध थीम पार्क का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज ग्राम कोसम इनाम उपरहार, जनपद कौशाम्बी में निर्माणाधीन गेट कम्पलेक्स, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर एवं बौद्ध थीम पार्क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मौके पर निर्माण कार्य होता हुआ नहीं पाया गया तथा न ही श्रमिक एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में बताया गया कि मकर संक्रांति पर्व के कारण श्रमिक कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं थे।

जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी एवं सहायक अभियंता, यू.पी.पी.सी.एल. से दूरभाष पर वार्ता कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने सहायक अभियंता से गेट कम्पलेक्स, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर एवं बौद्ध थीम पार्क का निर्माण कार्य लंबित पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध की गयी कार्रवाई की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि दोषी ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी की एक संयुक्त टीम गठित कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा जांच आख्या शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनहित से जुड़े विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक संपन्न, बैठक में विभिन्न दायित्वों में परिवर्तन हुए



फतेहपुर। विश्व हिन्दू परिषद (VHP) की कानपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक में कानपुर से शीलू शुक्ला को कानपुर विभाग सह संयोजिका मातृशक्ति और अनुराग दुबे जी को प्रांत धर्माचार्य के साथ सिख जैन सम्पर्क प्रमुख जैसे नवीन दायित्वों की घोषणा हुई है। शीलू शुक्ला जी पहले उत्तर जिले की जिला संयोजिका थी। अनुराग दुबे जी पहले जिला अध्यक्ष कानपुर उत्तर थे। प्रांत बैठक फतेहपुर में हुई। बैठक में भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भवंस मेहता महाविद्यालय में भूतपूर्व सैनिक दिवस का हुआ आयोजन

### वायु सेवा के पूर्व सैनिक का हुआ सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में बुधवार को भूतपूर्व सैनिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध कुमार श्रीवास्तव द्वारा हिंदी विभाग के प्राध्यापक व भूतपूर्व वायु सैनिक डॉ. सी. पी. श्रीवास्तव को उनके सैन्य योगदान के लिए माला पहनाकर एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी उन्हें सम्मान अर्पित किया। अपने उद्बोधन में डॉ. सी. पी. श्रीवास्तव ने अपने सैनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे 29 अक्टूबर 1988 को भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने बताया कि उनके प्रशिक्षण बैच में देश के कोने-कोने से आये हुए 127 प्रशिक्षु शामिल रहे। प्रशिक्षण काल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय सभी प्रशिक्षुओं के मन में यही भावना रहती थी कि शीघ्र ही प्रशिक्षण पूर्ण हो और वे पूर्ण सैनिक बनकर देश सेवा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि ड्यूटी के दौरान कई बार रात भर सोने का अवसर नहीं मिलता था क्योंकि रडार प्रणाली के माध्यम से देश के आकाश की सतत निगरानी करनी होती थी। कारगिल युद्ध का उल्लेख करते हुए उन्होंने भारतीय वायुसेना की अदम्य वीरता और साहस का वर्णन किया तथा बताया कि उस समय इज़राइल ने भारत का समर्थन करते हुए आधुनिक सामरिक उपकरणों और तकनीकी सहायता प्रदान की जिसके परिणामस्वरूप भारत को विजय प्राप्त हुई। डॉ. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के भीतर असीम ऊर्जा और शक्ति है जिसका उपयोग देश की प्रगति के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन जैसे गुणों के विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि देश को सदैव सर्वोपरि रखना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी एवं समाजशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. दीपक कुमार ने किया। उन्होंने एनसीसी कैडेटों को संबोधित करते हुए अनुशासन एवं समय पालन के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति भारत एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लोगों को किया गया जागरूक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। न्यायाधीश जे. पी. यादव के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के तत्वावधान में मकर संक्रांति के अवसर पर प्रभाष गिरी पर्वत पभोषा में आयोजित मेले के दौरान नशामुक्त भारत एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेले में आए जनमानस को पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों एवं बाल विवाह जैसी कुप्रथा के सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी द्वारा आम नागरिकों के लिए उपलब्ध निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गयी। नुक्कड़ नाटक एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम में पराविधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) अमरदीप, ममता देवी, डॉ. नरेन्द्र दिवाकर, ज्योत्सना सोनकर, मनीषा दिवाकर, सतीश सिंह एवं अमरेन्द्र प्रताप उपस्थित रहे।

## भूरागढ़ दुर्ग में लगा आशिकों का मेला, आज मनेगा मकर संक्रांति का पर्व

- युवाओं ने नटबली मेला के साथ उठाया नौका विहार का लुत्फ
- भूरागढ़ दुर्ग व नटबली मंदिर में दो दिवसीय मेला का आगाज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। मकर संक्रांति के पर्व पर भूरागढ़ दुर्ग में लगने वाले नटबली मंदिर पर लगने वाले आशिकों के मेला का बुधवार को आगाज हो गया। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और लोगों ने नटबली की मंदिर पर माथा टेककर रेवड़ी का प्रसाद चढ़ाया। हालांकि मकर संक्रांति का पर्व गुरुवार को मनाए जाने के कारण मेला की रंगत थोड़ी फीकी दिखी, लेकिन तमाम श्रद्धालु नटबली मंदिर पर पूजा अर्चना करने पहुंचे। यहां युवाओं ने मेला में पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और अपनी मोहब्बत की सलामती की कामना की और नौका बिहार का लुत्फ उठाकर खूब मस्ती की।

मकर संक्रांति के अवसर पर इस बार खासी दुविधा देखने को मिली, विद्वानों की मानें तो इस साल 14 जनवरी की रात 9 बजकर 35 मिनट पर भगवान सूर्य धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को ही मनाया जाना शुभ बताया गया है। उधर कुछ विद्वान 14 जनवरी को एकादशी का दिन होने के कारण भी मकर संक्रांति 15 मनाने की सलाह देते हैं। हालांकि बीते कुछ वर्षों में मकर संक्रांति के पर्व को लेकर खासी ऊहापोह की स्थिति रही है और लोग दो दिनों तक यह पर्व मनाते रहे हैं, लेकिन इस बार 15 जनवरी को ही मकर संक्रांति का पर्व मनाए जाने का प्रावधान बताया गया है। हालांकि कुछ लोगों ने बुधवार को भी स्नान-दान की परंपरा को निभाया। लेकिन ज्यादातर लोगों ने 15 जनवरी यानी गुरुवार को ही मकर संक्रांति का पर्व मनाने का फैसला किया है। उधर मकर संक्रांति पर्व पर ऐतिहासिक कालिंजर व भूरागढ़ स्थित नटबली मंदिर में आशिकों के दो दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। प्रेमी जोड़ों ने चोरी-छिपे नटबली की मजार पर माथा टेककर अपनी मोहब्बत की लंबी उम्र की कामना की। इसे आशिकों का मेला भी कहते हैं। मेला देखने को शहर समेत दूरदराज से भी बहुत सारे लोग जुटे। लोगों ने प्राचीन भूरागढ़ किले में भी भ्रमण का आनंद उठाया। मेले में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था चाकचौबंद रही। नटबली प्रेमी की कहानी से जुड़े इस मेले में हर वर्ष बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से युवक, युवतियां और तमाम लोग शरीक होते हैं। भूरागढ़ दुर्ग में ही दो मंदिर बने हैं। किंवदंती है कि पहला मंदिर प्रेमी नटबली और दूसरा उसकी प्रेमिका किलेदार नोने अर्जुन सिंह की बेटी का है।

## संक्षिप्त समाचार

### दंगल में पहलवानों ने दिखाए कुश्ती के दांव-पेंच

मकर संक्रांति के पर्व पर जगह-जगह दंगल का आयोजन किया गया, जहां नामीगिरामी पहलवानों ने कुश्ती के दांव पेंच दिखाए। भूरागढ़ तिराहा स्थित क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को वराट दंगल का आयोजन हुआ, जिसमें मथुरा, दिल्ली, कानपुर, कन्नौज, इटावा समेत हरियाणा, मध्यप्रदेश के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। दंगल के अयोजक राहुल पांडेय समेत भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, भाजपा नेता सुरेश तिवारी सुल्ली महराज, सोनू सिंह आदि अतिथियों ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ किया। दंगल में महिला पहलवानों की कुश्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महिला पहलवानों ने पुरुष पहलवानों के साथ भी दंगल लड़ा और जीत दर्ज कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। दंगल का संचालन कमलेश कुमार ने किया। इस मौके पर रामू अजूबा, पवन, संदीप, आकाश, देवराज, नवीन कुमार, विवेक नामदेव आदि मौजूद रहे।

### बार कौंसिल चुनाव में 16 और 17 को होगा मतदान

बांदा। वकीलों की प्रतिनिधि संस्था उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्यों के चुनाव के लिए जिले में 16 और 17 जनवरी को मतदान होगा। मतदान न्यायिक अधिकारी संपन्न कराएंगे। मतदान के लिए जनपद में पांच केंद्र बनाए गए हैं। मतदान में वह अधिवक्ता भाग ले सकेंगे, जिन्हें बार काउंसिल द्वारा सीओपी प्रमाण पत्र जारी किया गया है। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश चुनाव की सरगर्मियां इस समय जोरों पर है। सभी प्रत्याशी एक-एक वोट के लिए जद्दोजहद में जुटे है। चुनाव संपन्न कराने के लिए जनपद न्यायाधीश ने अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) को नामित किया है। इसके अलावा अतर्रा, नरैनी, बबेरू और पैलानी तहसील के अधिवक्ता बनाए गए मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव अधिकारी एडीजे ने बताया कि मतदाता सूची में शामिल अधिवक्ताओं को मतदान के समय सीओपी प्रमाण पत्र, परिचय पत्र या पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कचेहरी परिसर में मतदान स्थल से 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रत्याशी का बैनर, पोस्टर लगाना प्रतिबंधित। किसी भी मतदाता को मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट व अस्त्र-शस्त्र को लेकर मतदान स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतदान स्थल में केवल उन्हीं मतदाताओं को प्रवेश की अनुमति होगी, जिसका नाम मतदाता सूची में होगा।

### दो शातिर अंतर्राज्यीय बदमाशों को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अपराध उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस लगातार अभियान चला रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के शांति नगर निवासी राहुल पुत्र बच्छराज ने 12 जनवरी को कोतवाली में सूचना दी कि 8 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने छलपूर्वक एटीएम कार्ड बदलकर उसके बैंक खाते से रुपए निकाल लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर पुलिस लाइन तिराहा एसबीआई एटीएम के पास से सीमावर्ती मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के देवेंद्र नगर निवासी श्यामलाल उर्फ राजू पुत्र अच्छेलाल एवं अनिरुद्ध उर्फ भोलू पुत्र सूरजपाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि लोगों की मदद करने के बहाने वह एटीएम कार्ड बदलकर उनके बैंक खातों से रुपये निकालते थे। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए पांच एटीएम कार्ड समेत 32 हजार रुपये नगद बरामद किए।

### घर से लापता हुई किशोरी, रिपोर्ट दर्ज

नरैनी। कालिंजर थाना स्थित एक गांव निवासी किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से अचानक गायब हो गई। परिजनो ने थाने में तहरीर देकर बताया कि घर से पशुओं को चारा देने पशुबाडा गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। पीड़ित पक्ष ने कालिंजर थाने में तहरीर देकर ऐला व बहेरी गांव निवासी पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

## जगतगुरू व राज्यमंत्री ने सत्यवती व वेद व्यास प्रतिमा का किया लोकार्पण

- वसुधरी (लसड़ा) गांव में आयोजित हुआ भव्य सांस्कृतिक महोत्सव
- विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की दी जानकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पैलानी। पैलानी तहसील क्षेत्र अंतर्गत पौराणिक महत्व वाले वसुधरी (लसड़ा) गांव में भव्य सांस्कृतिक महोत्सव के बीच अयोध्याधाम (चित्रकूट) के मानस पीठ जगतगुरू और जल शक्ति राज्यमंत्री ने संयुक्त रूप से माता सत्यवती और महर्षि वेद व्यास की प्रतिमाओं का लोकार्पण किया। महोत्सव में क्षेत्रीय कलाकारों ने लोक नृत्य, लोक गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया। सरकारी विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। अयोध्याधाम (चित्रकूट) मानस पीठ जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी और जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संयुक्त रूप से माता सत्यवती और महर्षि वेद व्यास की प्रतिमाओं का लोकार्पण किया। गौरतलब है कि वसुधरी (लसड़ा) गांव भगवान कृष्णद्वैपायन वेदव्यास की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। यह भूमि माता सत्यवती एवं महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली के रूप में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी गई है। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, लोक गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

## रामचंदन पहाड़ पर लगा मकर संक्रांति पर लगा मेला

नरैनी। मकर संक्रांति के अवसर पर कस्बा स्थित रामचंदन पहाड़ पर पारंपरिक मेला सजा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मेले का आनंद लिया और जमकर खानपान का रसा स्वाद किया और खरीदारी भी की। मकरसंक्रांति पर लगने वाले परंपरागत मेले में क्षेत्र के लगभग 50 गांवो के लोग अपने परिजनों खासकर बच्चों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली, कार, बाइक,ऑटो, ई-रिक्शा आदि वाहनों से पहुंचे। महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीददारी की। मिट्टी और काठ के खिलौने व गन्ना लोगो को खूब पसंद आया। मान्यता है कि वनवास के समय भगवान राम, सीता और लक्ष्मण ने यहां एक रात गुजारी थी। यहा पत्थर की शिलाओं में उभरे भगवान के पद चिन्ह लोगो की आस्था का केंद्र है। सुबह से पर्वत के ऊपर स्थित प्राकृतिक सरोवर में स्नान कर गरीब लोगो को खिचड़ी का दान किया। यहां के प्राचीन मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया।

## ठंड में कंबल पाकर असहायों व जरूरतमंदों के खिले चेहरे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। ठंड ने जहां गरीबों व असहायों की मुसीबत बढ़ा दी है वहीं समाज के प्रति संवेदना रखने वाले मदद को आगे बढ़ने लगे हैं। महुआ ब्लाक क्षेत्र के पतौरा गांव के मजरा बलखेरा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने दो सैकड़ा जरूरतमंदों को कंबल की सौगात दी। कड़ाके की ठंड में कंबल का 'संबल' पाकर असहायों व जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने ग्रा प्रधान के कार्यों को जमकर सराहा।

महुआ ब्लाक क्षेत्र के पतौरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने बुधवार को ग्राम पंचायत के बलखेरा में दो सैकड़ा से ज्यादा असहायों व जरूरतमंदों को कंबल बांटे। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि ठंड में राहत के लिए सभी के लिए एक छोटी सी भेंट दी जा रही है। वह क्षेत्र की जनता के हर सुख-दुख में साथ खड़ी हैं। जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर समय-समय पर कई योजनाओं से समाज के अंतिम जरूरतमंद तक लाभ पहुंचाने का काम हो रहा है। गरीब, असहाय और जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। जनसेवा व निर्वाचन क्षेत्र के बेहतर उत्थान को ही वह अपना ध्येय मानकर इसके लिए निरंतर प्रयासरत हैं। गरीब, असहाय व जरूरतमंदो की सेवा पुनीत कार्य है। आगे भी गरीबों को इसी तरह की मदद प्रदान की जाएगी। इस मौके पर सचिव शैफाली मिश्रा समेत तमाम अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खीरी में उत्साह, उलास, उमंग मना पूर्व सैनिक दिवस, हुआ सम्मान समारोह

- डीएम ने वीर नारियों, पदक विजेता पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित, कारगिल शहीदों को किया नमन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में उत्साह, उल्लास, उमंग से जिले में ''सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस'' मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद संग वीरनारी शांति रावत, ऑनरी कैप्टेन संतोष सिंह सेना मेडल एवं अन्य दस वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व अमर जवान स्मारक पर डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्प चढ़ाकर नमन किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय सशस्त्र बल वेटरन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूर्व सैनिक देश के लिए प्रेरणा हैं। पूरे देश को आप पर गर्व है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बल सैनिकों के राष्ट्र निर्माण व इसकी रक्षा में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले वीर योद्धाओं की वीरांगनाओं को देखकर मन में वीरता और गर्व की अनुभूति हो रही है। वीरांगनाओं का राष्ट्र निर्माण के लिए जो समर्पण है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2017 से मनाया जा रहा है। यह दिन सेवानिवृत्त, सेवारतजनों, देश के बीच सौहार्द सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन नायकों को प्रतिबिंबित करने, स्मरण करने तथा उनका सम्मान करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की है। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद ने कहा कि भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ओबीई वर्ष 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। उनके द्वारा प्रदान की सेवाओं का स्मरण करने, उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों की राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा और उनके बलिदान के सम्मान के प्रतीक के रूप में हमारे बहादुर सिपाहियों के परिजनों (एनओके) तथा भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति वचनबद्धता एवं एकजुटता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के उपरांत ''श्रीअन्न'' कोदो की स्वादिष्ट खिचड़ी, रागी का हलवा, अंकुरित मेथी का सलाद भी परोसा गया।

### पेड़ से टकराई बाइक, होनहार क्रिकेटर की मौत

बांदा। मूल रूप से हमीरपुर जिले के भभई गांव निवासी मोहित सिंह (23) पुत्र प्रदीप सिंह यहां शहर के स्वराज कॉलोनी मोहल्ले में रहता था। वह गुसियारी गांव में मैच खेलने के बाद अपनी ननिहाल से सिजवाही गांव तेरहवीं संस्कार में शामिल होने चला गया। वापस लौटते समय गोयरा मोड के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात उसके घर नहीं पहुंचने पर बहनोई नीरज खोजबीन में जुट गए। पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस भी उसकी खोजबीन में जुटी हुई थी। गोयरा मोड के पास पुलिस ने उसे लहूलुहान हालत में पड़ा पाया। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया।

### ठंड लगने से मजदूर की मौत

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव के मजरा टिकरी निवासी चुन्नू (50) अपनी ससुराल चिल्ला थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में रहता था। मंगलवार की दोपहर खाना खाते समय अचानक सर्दी ने अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया।

## जनपद की साढ़े तीन सौ चिकित्सा इकाइयों का होगा कायाकल्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर जार दे रही योगी सरकार

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बुंदेलखंड की स्वास्थ्य इकाइयों की सुविधाओं को बेहतर करने और उनकी गुणवत्ता बढ़ाने पर निरंतर जोर दे रही है। इसी क्रम में बांदा की 350 चिकित्सा इकाइयों का इस वर्ष कायाकल्प होना है। वहीं पिछले साल जिले की कई चिकित्सा इकाइयों को कायाकल्प अवार्ड भी मिल चुका है और सरकार के प्रयासों के चलते लगातार जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर हो रही है।

जनपद में 350 स्वास्थ्य इकाइयां संचालित हैं, जिसमें 286 उप स्वास्थ्य केंद्र, 47 पीएचसी, 7 यूपीएचसी व 8 सीएचसी समेत जिला अस्पताल व जिला महिला अस्पताल शामिल हैं। जहां पिछले साल 2025 में जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, बिसंडा पीएचसी, बबेरू सीएचसी, नरैनी सीएचसी, जसपुरा सीएचसी व अतर्रा सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड मिल चुका है। वहीं जिले की स्वास्थ्य इकाइयों को बेहतर बनाने के क्रम में कई स्वास्थ्य इकाइयों पर लोगों के द्वारा किए गए अवैध कब्जो को भी डीएम ने हटवाया है और वहां की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे जिले में 350 स्वास्थ्य इकाइयां है जिसमे 16 स्वास्थ्य इकाइयों का कायाकल्प हो चुका है। वहीं 46 स्वास्थ्य इकाइयों के दस्तावेज ऑनलाइन अपडेट किए जा चुके हैं। जल्द ही यहां कायाकल्प का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से सीडीओ व डीपीआरओ को ऐसे चिन्हित 57 स्वास्थ्य इकाइयों की लिस्ट दी है, जहां बाउंड्री, सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी।

## मेला मैदान चौराहा से हटेगा अतिक्रमण, जाम से मिलेगी राहत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। मेला मैदान चौराहे से गढ़ी तक यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की दिशा में प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्री अभिषेक कुमार ने मेला मैदान से मिदनियां तक निर्माणाधीन आरसीसी सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चौराहे से गढ़ी तक सड़क किनारे एवं सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा, जिससे आए दिन लगने वाले जाम से आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने सड़क के बीच लगे विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर को दो दिनों के भीतर शिफ्ट कराने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए। सीडीओ ने निर्माण एजेंसी को सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। साथ ही दुकानदारों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की, ताकि प्रशासन को कठोर कार्रवाई न करनी पड़े। उन्होंने एसडीएम सदर एवं नगर पालिका परिषद को आपसी समन्वय के साथ यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### दबंगों के हौसले बुलंद, धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जे का प्रयास

लखीमपुर खीरी। कस्बा खीरी टाउन के मोहल्ला तबेला में दबंगों द्वारा धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जे का प्रयास किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंग किस्म के लोगों ने सार्वजनिक भूमि पर स्थित जिंद बाबा के स्थान को भी नहीं बख्शा और वहां जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित पक्ष के अनुसार उक्त भूमि सार्वजनिक है, जिस पर जिंद बाबा का स्थान बना हुआ है और वह फिलहाल खाली पड़ा रहता है। इसी स्थान पर विपक्षी द्वारा जबरन अवैध तरीके से कब्जा करने की कोशिश की गई। इस संबंध में पीड़ित द्वारा थाना खीरी में प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। मामले में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए दोनों पक्षों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत न्यायालय भेजा गया। बताया गया कि जमानत पर रिहा होने के बाद भी विपक्षी के हौसले कम नहीं हुए और पुनः शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करते हुए मौके पर गड्ढा खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।

## धूमधाम से मनाया गया 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में लोहड़ी पर्व

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जनपद स्थित 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में लोहड़ी का पावन पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन वाहिनी के कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव के कुशल, दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वाहिनी परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों की सहभागिता में लोहड़ी की पवित्र अग्नि प्रज्वलित की गई। बल कार्मिकों ने अग्नि में तिल, गुड़, मूंगफली एवं रेवड़ी अर्पित कर लोक परंपराओं का पालन किया तथा देश, समाज एवं संगठन की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। लोहड़ी पर्व को भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण पर्व बताते हुए यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र सेवा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक मूल्यों का संरक्षण भी सशस्त्र सीमा बल की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित बल कार्मिकों को लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं पारंपरिक आयोजन बल के भीतर आपसी भाईचारे, अनुशासन, समन्वय एवं संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों में कार्यरत जवानों के लिए ऐसे आयोजन मानसिक ऊर्जा, सकारात्मक सोच एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सशस्त्र सीमा बल केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित न रहकर समाज से गहरे जुड़ाव एवं सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करने वाली एक सशक्त संस्था है। ऐसे आयोजन जवानों के मनोबल को ऊँचा बनाए रखने और आपसी समन्वय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर में उत्साह, उल्लास एवं सौहार्द का वातावरण बना रहा। यह आयोजन बल कार्मिकों के लिए न केवल एक सांस्कृतिक अवसर सिद्ध हुआ, बल्कि संगठन के भीतर सकारात्मक वातावरण, मानसिक स्फूर्ति एवं सामाजिक सद्भाव को और अधिक सुदृढ़ करने वाला भी रहा। कार्यक्रम का समापन पारस्परिक शुभकामनाओं एवं भारतीय सांस्कृतिक एकता के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## डॉ. प्रवीण तोगड़िया का लखीमपुर खीरी में भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया के लखीमपुर खीरी आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में गोला नगर सहित जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बताया गया कि 13 जनवरी को शाम करीब 5 बजे डॉ. प्रवीण तोगड़िया के लखीमपुर पहुंचने पर आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के साथ जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में प्रदीप जायसवाल, अनुज वर्मा, प्रदीप भगत, प्रमोद गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला, अशोक जायसवाल, पारुष श्रीवास्तव, संजय सिंह चौहान, विकास कनौजिया, जितेंद्र कुमार, विक्रम सिंह चौहान, विपिन कुमार, नितिन कुमार, अरविंद कश्यप, राजेश वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए डॉ. तोगड़िया के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### अवैध मिट्टी खनन से क्षतिग्रस्त हुआ मार्ग, एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाली सड़क उपेक्षित

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के ग्राम बांसगांव से होकर भल्लिया एवं बिलहरी गांव को जोड़ने वाला लिंक मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। लगभग 200 मीटर लंबा यह मार्ग वर्षों से उपेक्षा झेल रहा है, जिससे एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिसके कारण राहगीरों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए लगभग पांच किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। स्थिति और भी गंभीर तब हो गई है जब बीते कई महीनों से इस सड़क पर अवैध मिट्टी खनन में लगे डंपर और ट्रालियां बिना रोक-टोक धड़ल्ले से गुजर रही हैं, जिससे सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो गई है। इस संबंध में तहसीलदार गोला भीमचंद ने बताया कि उन्हें इस सड़क की जानकारी नहीं है, लेकिन यदि सड़क क्षतिग्रस्त पाई जाती है तो जांच कराकर शीघ्र ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर यूपीपीसीएल को नोटिस जारी करने के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल कार्यों की समीक्षा की

बांदा। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक करते हुए सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल कार्यों की समीक्षा की। यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन द्वारा स्टेडियम व शहीद पार्क में कराए जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति होने पर कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में बुधवार को सीडीओ अजय कुमार पांडेय ने सीएम डैशबोर्ड और सीएमआईएस पोर्टल कार्यों की समीक्षा की। कार्यदायी संस्थाओं अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यों में रूचि लेते हुए गुणवत्ता के साथ तेज गति से निर्माण कार्यों को पूरा कराएं।

यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन द्वारा निर्माण किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए स्टेडियम व शहीद पार्क में कार्यों की प्रगति धीमी मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग के निर्माणाधीन कार्यों रिवरफ्रंट रनगढ व नवाब टैंक में फाउंटेन निर्माण में तेजी लाने को कहा। यूपी सिडको को बबेरू में बस स्टैंज निर्माण कार्य तेज करने को कहा। सिंचाई विभाग की केन-बेतवा लिंक परियोजना कार्य में तेजी तथा सीएनडीएस द्वारा अग्निसमन केन्द्र तिंदवारी, कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय बिसंडा और नगर पंचायत ओरन के कार्य को मैन पावर बढाते हुए पूरा कराने के सख्त निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अवशेष आवासों का निर्माण पूरा कराने को कहा। जल निगम अधिकारियों को सडकों के रेस्टोरेशन कार्य की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### निरीक्षण कर सीडीओ ने परखी शैक्षिक गुणवत्ता

मुख्य विकास अधिकारी ने सदर तहसील क्षेत्र के अछरौड़ गांव में संचालित अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कक्षा 6 और 10 के छात्रों से प्रश्न करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता परखी।

भोजन की गुणवत्ता परखते हुए दैनिक सामग्री वितरण की जानकारी ली। इस दौरान स्मार्ट क्लास संचालित मिली। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय नादिर का पुरवा और उच्च प्राथमिक विद्यालय अछरौड कंपोजिट में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता के साथ निर्माण कराने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### 82 वर्षीय बुजुर्ग की मौत पर परिजनों ने जताया संदेह, पोस्टमार्टम की मांग

अज़ान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र की ढकवा चौकी अंतर्गत गांव शेरपुर में 82 वर्षीय बुजुर्ग की मौत पर परिजनों ने संदेह जताते हुए पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। सूचना पर पहुंची हैदराबाद थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गांव शेरपुर निवासी ओमप्रकाश (82) पुत्र मदनलाल अपने परिजनों से अलग रह रहे थे और गांव में ही योगेश शुक्ला के मकान में निवास कर रहे थे। बताया गया कि मंगलवार की शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद ग्रामीण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना थाना मैगलगंज क्षेत्र के गांव ढाका में रह रहे ओमप्रकाश के परिजनों, पत्नी तथा दो बेटे प्रदीप कुमार व संदीप कुमार–को दी गई। परिजनों ने बुजुर्ग की मौत को संदिग्ध बताते हुए थाना हैदराबाद में लिखित प्रार्थना पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। सूचना पर ढकवा चौकी इंचार्ज जय नारायण सिंह मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भिजवाया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार मलिक ने बताया कि प्रथम दृष्टया बुजुर्ग की मौत सामान्य बीमारी से प्रतीत हो रही है, हालांकि परिजनों द्वारा संदेह व्यक्त किए जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

शुक्लागंज-उन्नाव। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को शुक्लागंज स्थित गंगा तट आस्था और श्रद्धा के संगम का साक्षी बना। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सूर्य देव के उत्तरायण होने के इस विशेष अवसर पर भोर की पहली किरण के साथ ही गंगा घाटों पर ''हर-हर गंगे'' के जयघोष गूंजने लगे। गंगा तट पर बुधवार सुबह एक विहंगम दृश्य देखने को मिला। तापमान में भारी गिरावट और दृश्यता कम होने के बाद भी आस्था की डोर श्रद्धालुओं को खींच लाई। केवल स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, अजगैन, असोहा, नवाबगंज, पिपरसण्ड, जैतीपुर, हरौनी, उन्नाव और बिछिया जैसे तमाम दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। श्रद्धालु अपने निजी वाहनों, बसों और विशेष रूप से ट्रेनों के माध्यम से भोर से ही शुक्लागंज पहुंचने लगे थे। पवित्र डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। परंपरा का पालन करते हुए भक्तों ने तट पर बैठे पंडों को तिल, गुड़, खिचड़ी और द्रव्य का दान-दक्षिणा दी।

### मिशन शक्ति फ़ेज–5 के अंतर्गत चलाया गया जागरुकता अभियान

शुक्लागंज- उन्नाव। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फ़ेज-5 के अंतर्गत बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस द्वारा महिलाओं को सुरक्षित और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश के नारे के साथ एंटी रोमियो महिला पुलिस दल ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। गंगाघाट कोतवाली की महिला सिपाही ऋतु जादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजधानी मार्ग, गोपीनाथपुरम, आनंद नगर और सुभाष नगर समेत आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों का दौरा किया। इस दौरान महिला आरक्षियों ने स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। संवाद के दौरान पुलिस ने महिलाओं को प्रेरित किया कि वे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर अपराध होने पर डरे नहीं, बल्कि बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें। इस मौके पर महिलाओं ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं, जिसमें मुख्य रूप से नशेबाजी और घरेलू विवाद जैसे मुद्दे सामने आए।

## आईजी किरण एस. का उन्नाव दौरा

### पुलिसिंग से लेकर जनसेवा तक पर दिया जोर

- सड़क हादसों व आपात मदद के लिए जीवन वाहिनी बाइक दस्ता रवाना, नन्हे फरिश्ते केंद्र की सराहना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। लखनऊ रेंज के आईजी किरण एस. बुधवार को उन्नाव पहुंचे। पुलिस लाइन में आयोजित निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसिंग से जुड़ी व्यवस्थाओं के साथ-साथ आम जनमानस से सीधे जुड़े पुलिस कार्यों की गहन समीक्षा की। आईजी ने पुलिस लाइन में बैरक, मेस, शस्त्रागार और कार्यालयों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अनुशासन और संसाधनों के समुचित उपयोग को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आईजी किरण एस. ने कहा कि मजबूत पुलिस लाइन ही सशक्त फील्ड पुलिसिंग की आधारशिला होती है। उन्होंने अधिकारियों को जवानों की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर सुनने और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा और मनोबल के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा सकें।

निरीक्षण के पश्चात आईजी ने 10 अपाचे मोटरसाइकिलों से सुसज्जित जीवन वाहिनी टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी और एसएसपी जय प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे। आईजी ने कहा कि यह बाइक दस्ता सड़क दुर्घटनाओं, आपात स्थितियों और त्वरित पुलिस सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम घटेगा और जरूरतमंदों को समय रहते सहायता मिल सकेगी, जिसका सीधा लाभ आम राहगीरों को मिलेगा। इसके बाद आईजी किरण एस. ने पुलिस लाइन स्थित नन्हे फरिश्ते केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें चॉकलेट व टॉफी वितरित की। उन्होंने केंद्र में मौजूद व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में पुलिस के मानवीय और संवेदनशील चेहरे को दर्शाता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड की दर्दनाक मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बिछिया-उन्नाव। दही चौकी पुरवा मार्ग पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्यारह मील के निकट घर से ड्यूटी पर बाइक सवार जा रहे होमगार्ड की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी। साथ ही शव को पीएम के लिए भेज दिया है। असोहा थाना क्षेत्र के शाहपुर गाँव के रहने वाले हरीशंकर 53 वर्ष पुत्र महावीर उन्नाव सदर कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। बुधवार सुबह घर से बाइक पर सवार होकर ड्यूटी पर जाने के लिए निकले। तभी दही चौकी पुरवा मार्ग पुरवा कोतवाली अंतर्गत ग्यारह मील के निकट एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने आधार कार्ड से होमगार्ड के आवासीय पते की पहचान कर परिजनो को सूचना दी। साथ शव को पीएम को भेज दिया है। मृतक के तीन बेटों में विकास,आकाश,सुभाष , बेटियों में नैना व पत्नी गुड़िया देवी का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि शव पीएम को भेज दिया गया है,अभी तक परिजनों ने तहरीर नही दी है।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में कोहली की शीर्ष पर वापसी, चार साल बाद फिर बने नंबर-1

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने चार साल से अधिक समय बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। जुलाई 2021 के बाद पहली बार कोहली ने यह मुकाम पाया है। उन्होंने साथी खिलाड़ी रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की, जिसकी मुख्य वजह न्यूजीलैंड के खिलाफ वडोदरा में खेले गए मैच में उनकी मैच जिताऊ 93 रन की पारी रही। यह कोहली के शानदार करियर में 11वीं बार है जब वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। हालिया समय में उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्होंने 135, 102 और नाबाद 65 रन बनाए थे, वहीं अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने नाबाद 74 रन की उम्दा पारी खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली पहली बार अक्टूबर 2013 में वनडे रैंकिंग के शिखर पर पहुंचे थे। अब तक वह कुल 825 दिन नंबर-1 पर रह चुके हैं, जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज़ के लिए सर्वाधिक है। वह ऑल-टाइम सूची में 10वें स्थान पर हैं, जिसमें वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स 2,306 दिनों के साथ शीर्ष पर हैं। इस बीच न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने भी रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के बीच केवल 10 अंकों का अंतर है, जिससे आने वाले दिनों में नंबर-1 की दौड़ और रोचक हो सकती है। अन्य वनडे रैंकिंग अपडेट में के.एल. राहुल एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें और डेवोन कॉनवे तीन स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज पांच स्थान ऊपर चढ़कर 15वें और काइल जैमीसन 27 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पुरुष टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ एक-एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। एशेज सीरीज के अंतिम टेस्ट में दोनों ने शतक जमाए थे, जहां ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में पांच विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज 4-1 से अपने नाम की। इंग्लैंड के जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरकार टेस्ट शतक जड़ा और सीरीज में इंग्लैंड के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इससे उन्होंने टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान और मजबूत किया, जबकि हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जैकब बेथेल की 154 रन की पारी ने उन्हें 25 स्थान की छलांग के साथ 52वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने माइकल कैरिक को सीजन के अंत तक हेड कोच नियुक्त किया

एजेंसी



मैनचेस्टर। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पूर्व खिलाड़ी माइकल कैरिक को मौजूदा सत्र के अंत तक टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। क्लब ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। इससे पहले कैरिक 2021 में ओल्ड ट्रैफर्ड में केयरटेकर मैनेजर के रूप में तीन मैचों तक अपराजित रहे थे। 44 वर्षीय कैरिक ने अपने खिलाड़ी करियर में मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 464 मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने पांच प्रीमियर लीग खिताब, एक एफए कप, दो लीग कप, यूईएफए चैंपियंस लीग, यूईएफए यूरोपा लीग और फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीता। कैरिक की पिछली कोचिंग भूमिका चैंपियनशिप क्लब मिडिल्सब्रो के साथ थी, जहां उन्हें अक्टूबर 2022 में नियुक्त किया गया था। अपने पहले सीजन में उन्होंने मिडिल्सब्रो को चैंपियनशिप प्ले-ऑफ तक पहुंचाया, लेकिन दूसरे सीजन में टीम के 10वें स्थान पर रहने के बाद जून में उन्हें पद से हटा दिया गया। यूनाइटेड ने इससे पहले पूर्व खिलाड़ी और मैनेजर ओले गुन्नार सोल्स्कजायर से भी संभावित वापसी को लेकर बातचीत की थी। क्लब की आधिकारिक वेबसाइट से बातचीत में कैरिक ने कहा, ह्लमैनचेस्टर यूनाइटेड की जिम्मेदारी संभालना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं जानता हूं कि यहां सफलता के लिए क्या चाहिए। मेरा पूरा ध्यान खिलाड़ियों को उन मानकों तक पहुंचाने पर है, जिनकी इस महान क्लब में उम्मीद की जाती है। मुझे इस टीम की प्रतिभा, समर्पण और सफलता हासिल करने की क्षमता पर पूरा भरोसा है। इस सीजन में अभी बहुत कुछ हासिल किया जाना बाकी है और हम प्रशंसकों को उनके समर्थन के अनुरूप प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कैरिक कोचिंग स्टाफ में स्टीव हॉलैंड, जोनाथन वुडगेट, ट्रैविस बिनियन, जॉनी इवांस और क्रेग मॉसन का सहयोग मिलेगा। गौरतलब है कि रेड डेविल्स ने पिछले सप्ताह पुर्तगाली कोच रूबेन अमोरिम को 14 महीने के निराशाजनक कार्यकाल के बाद बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद केयरटेकर कोच डैरेन फ्लेचर की देखरेख में यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग में बर्नली के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला और एफए कप के तीसरे दौर में ब्राइटन से 1-2 से हार गई।

## संक्षिप्त समाचार

### शैडोफैक्स के आईपीओ के प्राइस बैंड और साइज की घोषणा, 20 जनवरी को होगी लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक सर्विस देने वाली कंपनी शैडोफैक्स के पब्लिक इश्यू (आईपीओ) के लिए प्राइस बैंड और उसके साइज की घोषणा कर दी गई है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 118 रुपये से लेकर 124 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 120 शेयर का है। इस इश्यू का साइज 1,907.27 करोड़ रुपये का है। शैडोफैक्स का ये इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 20 जनवरी को खुलेगा। निवेशक इसमें 22 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। क्लोजिंग के बाद 23 जनवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 27 नवंबर को अलॉटेड शेयर डिमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 28 जनवरी को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 120 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,93,440 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 1,560 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 15.38 करोड़ शेयर जारी किए जा रहे हैं। इनमें 1,000 करोड़ रुपये के 8.06 करोड़ नए शेयर जारी हो रहे हैं। इसके अलावा 907.27 करोड़ रुपये के 7.321 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जाएंगे। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 142.64 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 11.88 करोड़ रुपये रह गया। 2024-25 में कंपनी मुनाफ़े में आ गई। इस साल कंपनी को 6.06 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 के अंत तक कंपनी को 21.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 1,422.89 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 1,896.48 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 2,514.66 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2025 के अंत तक कंपनी को 1,819.80 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 66.69 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 40.33 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 132.33 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत यानी 30 सितंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 147.44 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) की बात करें, तो 2022-23 में कंपनी 113.47 करोड़ रुपये के ओवरऑल नुकसान में थी, लेकिन 2023-24 में कंपनी की अर्निंग में सुधार हुआ जिसके कारण ईबीआईटीडीए 11.37 करोड़ रुपये के स्तर पर और फिर 2024-25 में बढ़ कर 56.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी 30 सितंबर 2025 तक ये 64.34 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया था।

### पाकिस्तानी मूल के चार अमेरिकी खिलाड़ी वीजा क्लीयरेंस के इंतज़ार में

**कोलम्बो।** पाकिस्तान मूल के चार अमेरिकी क्रिकेटर अली खान, शायन जहांगीर, मोहम्मद मोहसिन और एहसान आदिल कोलंबो में भारतीय उच्चायोग में निर्धारित मुलाकातों में शामिल होने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप को लेकर भारत यात्रा के लिए वीजा क्लीयरेंस का इंतज़ार कर रहे हैं। ये खिलाड़ी, जो वर्तमान में फरवरी टूर्नामेंट की तैयारी के अंतिम चरण के हिस्से के रूप में यूएसए टीम के साथ श्रीलंका में हैं, ने मंगलवार (13 जनवरी) को अपनी वीज़ा अपॉइंटमेंट पूरी कीं। हालांकि अपॉइंटमेंट के समय वीजा जारी नहीं किए गए, लेकिन यह समझा जाता है कि कोई औपचारिक अस्वीकृति नहीं हुई है, और अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आवेदन स्थापित संचालन प्रक्रियाओं के हिस्से के रूप में समीक्षा के तहत हैं। आईसीसी के सूत्रों के अनुसार, सभी दस्तावेज अपॉइंटमेंट से पहले ठीक उसी तरह जमा किए गए थे जैसा कि आवश्यक था। सूत्र ने कहा, ''आज सुबह श्रीलंका में भारतीय दूतावास में उनकी अपॉइंटमेंट थी। उन्होंने आईसीसी द्वारा अपॉइंटमेंट से पहले मांगे गए सभी कागज़ात पूरे कर दिए थे। अपॉइंटमेंट के समय, खिलाड़ियों को सूचित किया गया कि इस स्तर पर वीज़ा प्रोसेस नहीं किए जा सकते। बाद में शाम को, यूएसए मैनेजमेंट को भारतीय दूतावास से एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि कुछ आवश्यक जानकारी प्राप्त हो गई है, जबकि विदेश मंत्रालय से अतिरिक्त जानकारी का अभी भी इंतज़ार है। एक बार जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तो उनसे आगे की प्रक्रिया के लिए संपर्क किया जाएगा। यही वर्तमान स्थिति है। इस मामले से परिचित अधिकारियों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह समीक्षा प्रक्रिया विशेष-श्रेणी के मामलों के लिए मानक है और भारतीय सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार इसे संभाला जा रहा है। यह स्थिति तब सार्वजनिक ध्यान में आई जब अली खान ने 'वीज़ा अस्वीकृति' का ज़िक्र करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अटकलें लगने लगीं। पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों से जुड़े वीज़ा समीक्षाओं में ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रीयता या टीम संबद्धता की परवाह किए बिना अतिरिक्त प्रशासनिक परतें शामिल रही हैं।

## पावरहाउस भारत अमेरिका के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा

बुलावायो। आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत एक बड़े अंतर के साथ हुई है, जिसने पहले ही क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान खींचा है। एक पारंपरिक युवा पावरहाउस टीम एक ऐसी टीम के खिलाफ अपने खिताब की दौड़ शुरू कर रही है, जो अभी भी ग्लोबल स्टेज पर अपनी जगह बना रही है। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक, इंडिया अंडर-19, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में मैदान पर गुरूवार को एक स्पष्ट पसंदीदा टीम के रूप में उतरेगी, जो अपने दबदबे, गहराई और काबिलियत से बनी उम्मीदों को लेकर चल रही है। दूसरी तरफ यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका अंडर-19 है, एक ऐसी टीम जिसके पास अनुभव की कमी है लेकिन महत्वाकांक्षा से भरपूर है, जो जूनियर क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर खुद को साबित करना चाहती है। भारत का अभियान प्रतिष्ठा के बोझ के साथ शुरू होता है। कई अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली और हाल के एडिशन में फाइनलिस्ट रही यह टीम जिम्बाब्वे में पूरे जोश के साथ पहुंची है, जिसने अपने पिछले दस में से नौ मैच जीते हैं।

# इंडिया ओपन बैडमिंटन: दिल्ली में प्रदूषण के कारण एंडर्स एंटोनसेन ने टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

एजेंसी



नई दिल्ली। डेनमार्क के विश्व नंबर-3 और चार बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन ने दिल्ली में हो रहे इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से लगातार तीसरे साल नाम वापस ले लिया है। एंटोनसेन ने इसका कारण राजधानी दिल्ली में मौजूदा अत्यधिक वायु प्रदूषण को बताया है। 28 वर्षीय एंटोनसेन ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, ह्लकई लोग जानना चाहते हैं कि मैंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन से नाम क्यों वापस लिया। फिलहाल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बेहद गंभीर है और मुझे नहीं लगता कि ऐसी स्थिति में यहां बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि अगस्त में इसी वेन्यू पर होने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान हालात बेहतर होंगे। एंटोनसेन ने कहा, उम्मीद करता हूं कि गर्मियों में, जब वर्ल्ड चैंपियनशिप दिल्ली में होगी, तब परिस्थितियां बेहतर रहेंगी। उल्लेखनीय है कि वह अब तक विश्व चैंपियनशिप में एक रजत और तीन कांस्य पदक जीत चुके हैं। ड्रॉ जारी होने से पहले ही टूर्नामेंट से हटने के कारण एंटोनसेन पर विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने 5,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। उन्होंने 2023 में आखिरी बार इंडिया ओपन खेला था, जहां उन्हें दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा था। बीडब्ल्यूएफ के प्लेयर कमिटमेंट नियमों के अनुसार, 'टॉप कमिटेड प्लेयर्स' (सिंगल्स में शीर्ष-15 और डबल्स में शीर्ष-10 खिलाड़ी) के लिए वर्ल्ड टूर 750, वर्ल्ड टूर 1000 और वर्ल्ड टूर फाइनल्स में भाग लेना अनिवार्य है। बिना चोट या मेडिकल छूट के टूर्नामेंट से हटने पर खिलाड़ियों पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, एंटोनसेन ने बीडब्ल्यूएफ से छूट की अपील की थी, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया। हालांकि, नियमों में यह प्रावधान है कि खिलाड़ी टूर्नामेंट स्थल पर पहुंचकर एक दिन के प्रचार या मीडिया गतिविधियों में हिस्सा लेकर छूट पा सकते हैं। इसी रास्ते को मौजूदा विश्व चैंपियन और विश्व नंबर-1 शी यू ची ने अपनाया था, जिन्होंने प्रतियोगिता नहीं खेली, लेकिन दिल्ली आकर प्रचार गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस बीच, कोरिया की विश्व नंबर-1 पुरुष युगल जोड़ी किम वोन-हो और सियो सियुंग-जे ने भी बुधवार को अपने शुरुआती मैच से ठीक पहले नाम वापस ले लिया। सियो ने कंधे की चोट का हवाला दिया है। एंटोनसेन का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब एक दिन पहले ही उनकी हमवतन मिया ब्लिचफ़ेल्ट ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में स्वच्छता और परिस्थितियों को लेकर चिंता जताई थी। टूर्नामेंट को के.डी.जाधव इंडोर स्टेडियम से बड़े इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में स्थानांतरित किया गया है। ब्लिचफ़ेल्ट ने बड़े वेन्यू की सराहना तो की, लेकिन हालात को अब भी चुनौतीपूर्ण बताया।

## ग्रीनवुड की हैट्रिक से मार्सेई फ्रेंच कप के अंतिम-16 में

बायो, फ्रांस। मेसन ग्रीनवुड की शानदार हैट्रिक और दो गोल में अहम भूमिका की बदौलत मार्सेई ने क्षेत्रीय टीम बायो को 9-0 से करारी शिकस्त देकर फ्रेंच कप के अंतिम-16 में जगह बना ली। यह मुकाबला मंगलवार रात को खेला गया। पिछले सीजन में सभी प्रतियोगिताओं में 22 गोल के साथ मार्सेई के शीर्ष स्कोरर रहे ग्रीनवुड ने मौजूदा सत्र में भी जबरदस्त फॉर्म जारी रखते हुए अब तक 25 मैचों में 19 गोल दाग दिए हैं। ग्रीनवुड के स्ट्राइक पार्टनर अमीन गुइरी ने भी शानदार प्रदर्शन किया और दो गोल करने के साथ एक गोल में असिस्ट दिया। हालांकि बायो की टीम ने जुझारूपन दिखाया, लेकिन कमजोर डिफेंस के कारण वह बड़े अंतर से हार से नहीं बच सकी। फ्रेंच कप में मार्सेई का आक्रामक प्रदर्शन लगातार जारी है। इससे पहले पिछले दौर में उसने तीसरे डिवीजन की टीम बुर्ग-एन-ब्रेस को 6-0 से हराया था। इस तरह दो मुकाबलों में मार्सेई ने कुल 15 गोल दाग दिए हैं। पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड खिलाड़ी ग्रीनवुड ने 90वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कैंसर जागरूकता के लिए 'मुंबई मैराथन 2026' में उतारेगा सबसे बड़ी कॉर्पोरेट टीम

- लगभग 1,500 बैंक कर्मचारी इंडियन कैंसर सोसाइटी के लिए दौड़ने के लिए वॉलंटियर बने

एजेंसी

मुंबई। एचडीएफसी बैंक, अपने सीएसआर प्रोग्राम परिवर्तन के ज़रिए, कैंसर जागरूकता और जल्दी पता लगाने में मदद करने के लिए 18 जनवरी को होने वाले 'टाटा मुंबई मैराथन 2026' में हिस्सा लेने के लिए लगभग 1,500 कर्मचारियों को जुटाएगा। बैंक ने इंडियन कैंसर सोसाइटी (आईसीएस) के साथ पार्टनरशिप की है, जो भारत का सबसे पुराना नॉन-प्रॉफिट संगठन है जो कैंसर की देखभाल के लिए समर्पित है। अपने हेल्थकेयर और हाइजीन पिलर के तहत 18 जनवरी को होने बैंक परिवर्तन प्राइमरी और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर तक पहुंच में सुधार करने, स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने और समुदायों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व्यवहार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करता है। टाटा मुंबई मैराथन में आईसीएस के साथ यह पार्टनरशिप कैंसर का जल्दी पता लगाने को बढ़ावा देकर इस प्रतिबद्धता को मज़बूत करती है, जिसका अगर जल्दी पता चल जाए तो इलाज आसानी से हो सकता है। यह सहयोग 18 जनवरी को होने बैंक परिवर्तन की सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। मैराथन के हिस्से के रूप में, आईसीएस 100 से ज़्यादा धावकों की एक टीम भी उतारेगा, जिसमें युवा कैंसर सर्वाइवर और आईसीएस कर्मचारी शामिल हैं। मैराथन के बारे में बात करते हुए, एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कैजाद भरूचा ने कहा, ह्लहम एक ऐसे मकसद के लिए दौड़ रहे हैं जो किसी न किसी तरह से हर परिवार को छूता है। एक बैंक के तौर पर, हमारी ज़िम्मेदारी फाइनेंशियल सर्विसेज़ से बढ़कर उन समुदायों की भलाई तक फैली हुई है जिनकी हम सेवा करते हैं। हमें इंडियन कैंसर सोसाइटी के साथ खड़े होकर जागरूकता बढ़ाने, जल्दी पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करने और सभी को यह याद दिलाने पर गर्व है कि छोटे कदम जीवन बदलने वाला असर डाल सकते हैं। इस पार्टनरशिप पर कमेंट करते हुए, इंडियन कैंसर सोसाइटी की माननीय सेक्रेटरी और मैनेजिंग ट्रस्टी और रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया की पूर्व डिप्टी गवर्नर, श्रीमती उषा थोराट ने कहा, हम एचडीएफसी बैंक के अटूट समर्थन और कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इतने बड़े कर्मचारियों के समूह को एक साथ लाने के लिए उनके आभारी हैं। कैंसर भारत में अनगिनत परिवारों को प्रभावित करता है और जागरूकता बेहतर नतीजों की दिशा में पहला कदम है। साधारण स्क्रीनिंग से जल्दी पता लगने से जीवित रहने की दर में काफी सुधार होता है, फिर भी डर और जानकारी की कमी निदान में देरी करते रहते हैं। टाटा मुंबई मैराथन 2026 में कैंसर से बचे लोगों को भाग लेते देखना बहुत प्रेरणादायक है। उनका साहस और सकारात्मकता कैंसर से लड़ने और उससे आगे रहने के लिए ज़रूरी भावना को दर्शाती है। इस सहयोग को चिह्नित करने के लिए, इंडियन कैंसर सोसाइटी ने एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों के लिए कैंसर जागरूकता सत्र आयोजित किए हैं और चुनिंदा जगहों पर स्क्रीनिंग कैंप लगाए हैं। श्री भरूचा ने आगे कहा, एचडीएफसी बैंक में हमारा मानना है कि मज़बूत समुदाय स्वस्थ जीवन से शुरू होते हैं। हमें खुशी है कि 1,500 सहकर्मी इस नेक काम के लिए स्वेच्छा से दौड़ रहे हैं।

# आज भारत में 33 करोड़ कनेक्शन वाला देशव्यापी एलपीजी सिस्टम: हरदीप पुरी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया के जरिए भारत की स्वच्छ तरीके से खाना पकाने के पहल के सकारात्मक और व्यापक प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा खाना पकाना तभी काम करता है जब इसका रेगुलर इस्तेमाल किया जाए। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि आज भारत में 33 करोड़ कनेक्शन वाला देशव्यापी एलपीजी सिस्टम है। हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर भारत की क्लीन कुकिंग पहलों के बड़े बदलाव लाने वाले असर पर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना की असली सफलता सिर्फ दिए गए कनेक्शन की संख्या में नहीं बल्कि लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के रेगुलर इस्तेमाल में है। मंत्री ने बताया कि देश में इस समय एक विशाल राष्ट्रीय एलपीजी नेटवर्क संचालित हो रहा है, जिसके तहत करीब 33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन मौजूद हैं। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उनहोंने बताया कि इस योजना के तहत 10.41 करोड़ परिवारों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। सरकार अब इस योजना के तहत 10.60 करोड़ कनेक्शनों के अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रही है। पुरी ने कहा कि उपभोक्ताओं के व्यवहार में आया बदलाव रिफिल के आंकड़ों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि इस योजना की असली सफलता केवल गैस कनेक्शन की संख्या में नहीं बल्कि एलपीजी के नियमित उपयोग में छिपी हुई है। उन्होंने बताया कि पीएमयूवाई योजना के तहत अब तक लगभग 276 करोड़ परिवारों को एलपीजी रिफिल वितरित किए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में उज्ज्वला योजना के तहत आने वाले परिवारों को औसतन 13.6 लाख रिफिल प्रतिदिन वितरित किए जा रहे हैं।

# थोक महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 0.83 फीसदी पर

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका देने वाली खबर आई है। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 0.83 फीसदी पर पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी से थोक महंगाई दर में वृद्धि हुई है। यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि दिसंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर 0.83 फीसदी रही है। इससे पिछले महीने नवंबर में यह शून्य से नीचे 0.32 फीसदी और अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 फीसदी रही थी। दिसंबर 2024 में थोक महंगाई दर 2.57 फीसदी थी। उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा, ''दिसंबर 2025 में थोक महंगाई दर मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, खनिजों, मशीनरी एवं उपकरणों के विनिर्माण, खाद्य उत्पादों के निर्माण और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर में खाद्य पदार्थों की कीमतें 0.43 फीसदी कम हुईं, जबकि नवंबर में यह दर 4.16 फीसदी थी। सब्जियों की महंगाई दर में दिसंबर में 3.50 फीसदी की गिरावट आई, जबकि नवंबर में यह 20.23 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक विनिर्मित उत्पादों के मामले में महंगाई दर नवंबर 2025 के 1.33 फीसदी के मुकाबले दिसंबर में 1.82 फीसदी रही।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी

- लगातार दूसरे दिन सोना और चांदी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी



नई दिल्ली। मकर संक्रांति के दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 350 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम से भी अधिक की छलांग लगाई है। सर्राफा बाजार में आई तेजी के कारण सोना ओर चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने आज लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया है। कीमत में आज आई उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,42,540 रुपये से लेकर 1,42,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,30,660 रुपये से लेकर 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु 2,75,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,42,690 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,42,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,30,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,42,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,30,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,42,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,30,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,42,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,30,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,42,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,30,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बलिया में 27 मृतक और 250 अपात्र बन गए पीएम आवास के लाभार्थी, डीएम ने दिए रिकवरी के आदेश

■ भुगतान करने वाले अधिकारियों के वेतन से रिकवरी करने के आदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बलिया। उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में बड़ी गड़बड़ी सामने आयी है। 2016 से 2024 के बीच एक ओर जहां 250 अपात्रों को पीएम आवास का भुगतान कर दिया गया, वहीं 27 मृतक भी लाभार्थी बन गए हैं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अपात्रों को लाभार्थी बनाने वाले जिम्मेदारों के वेतन से रिकवरी के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से आज बुधवार को यह जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में इन गड़बड़ियों की जानकारी तब सामने आयी जब जनपद स्तरीय निगरानी समिति की बैठक मंगलवार को हुई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी विकासखंडों में कुल 623 प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित था। इसमें विकासखंड गड़वार में 62, सोहांव में आठ, रेवती में आठ तथा चिलकहर में चार आवास अब तक पूर्ण नहीं हो सके हैं। हैरानी तो तब हुई जब बिना सत्यापन के 250 अपात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि का भुगतान कर दिए जाने की जानकारी डीएम को मिली। डीएम की समीक्षा में यह भी सामने आया कि 27 आवास मृतक व्यक्तियों के नाम पर आवंटित किए गए हैं। वहीं 80 आवास जमीनी विवाद के कारण लंबित हैं तथा 31 आवास न्यायालय में विचाराधीन हैं। 623 पीएम आवासों के सत्यापन करने के दिए आदेश दिए गए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विकासखंड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी पेंडिंग आवास मामलों का तत्काल निस्तारण कराया जाए और 623 आवासों का सत्यापन कराने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर से यह भुगतान हुआ है, उनके वेतन से रिकवरी करने का आदेश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने मनरेगा योजना के अंतर्गत आवास लाभार्थियों को दी जा रही मजदूरी की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी ली। आवास प्लस सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों को सर्वे में पात्र अथवा अपात्र घोषित किया गया है, उसकी जानकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधान के माध्यम से खुली बैठक कर सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाई जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि किन कारणों से किसी का नाम आवास सूची से हटाया गया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## कानपुर में मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

कानपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में गंगा स्नान और हिन्दू धर्म में दान-पुण्य के सबसे बड़े पर्व मकर संक्रांति पर बुधवार को शहर के प्रमुख सरसैया घाट, सिद्धनाथ घाट, बिठूर घाट अटल घाट, परमट घाट आदि घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाने के साथ दान-पुण्य कर रहे हैं। जय गंगा मइया के उद्घोष के साथ महिलाएं बुजुर्ग और बच्चे आस्था में लीन दिखाई दिए। मान्यताओं के अनुसार सूर्य के मकर राशि मे प्रवेश में प्रवेश करते ही मकर संक्रांति का पर्व मनाने की परंपरा सदियों के चली आ रही है। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान करने पर व्यक्ति को दस अश्वमेघ यज्ञ और एक हजार गाय दान के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। पंडित हृदय नारायण मिश्रा ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाना ज्यादा उचित रहेगा। इस दिन सूर्योदय के समय सूर्य मकर राशि में रहेंगे। जब सूर्य की प्रथम उदित किरणें मकर राशि को स्पर्श करती हैं तब मकर संक्रांति मनाई जाती है और ऐसा 15 जनवरी गुरुवार को हो रहा है। जबकि 14 जनवरी को एकादशी है इस लिहाज से भी मकर संक्रांति 15 जनवरी को ही मनाई जानी चाहिए क्योंकि एकादशी के दिन कई लोग चावल नहीं खाते हैं। हालांकि पुराने लोग जो वर्षों से 14 जनवरी को गंगा स्नान कर रहे हैं। उन्होंने आज ही गंगा स्नान कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। जिसके चलते शहर के प्रमुख परमट घाट, बिठूर घाट, सरसैया घाट, सिद्धनाथ घाट, शुक्लागंज गंगा घाट, नानाराव घाट पर श्रद्धालुओं की ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धलु गंगा में डुबकी लगाते नजर आए। महिला श्रद्धालु शीला देवी ने बताया कि वह करीब 45 साल से मकर सक्रांति पर गंगा गंगा स्नान करने आ रही हैं। आज के दिन उन्होंने स्नान कर सूर्य भगवान को जल अर्पित कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की है। घाट पर मौजूद पंडित राम औतार ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालु मां गंगा में डुबकी लगाकर तिल, मिष्ठान, फल और फूल गंगा को अर्पित कर अपनी मनोकामना मांग रहे हैं।

# मकर संक्रांति पर 'पीडीए' लिखी पतंगें उड़ाकर सपा कार्यकर्ताओं ने दिया सियासी संदेश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ रविदास घाट पर जुटे कार्यकर्ताओं ने पतंग पर लिखा ''बदलने को सरकार, पीडीए तैयार''

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने बदलाव का संदेश देना शुरू कर दिया है। मकर संक्रांति पर्व पर बुधवार को पतंगबाजी के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 'पीडीए' लिखी पतंगें उड़ाकर इसका संकेत दिया। रविदासघाट पर दोपहर में जुटे सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संदेश को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 'बदलने को सरकार पीडीए है तैयार' लिखी पतंगे उड़ाई। कार्यकर्ताओं ने बनारसी अंदाज में पंतगबाजी की मस्ती के बीच इस विशेष पतंग को खुले नीले आसमान में उड़ाया। पार्टी के युवा कार्यकर्ता प्रदीप यादव ने मीडिया कर्मियों को बताया कि पीडीए को लेकर जो राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सोच है उसे विस्तार देकर हम सभी कार्यकर्ताओं ने इस विशेष पतंग को तैयार करवाया। इस पतंग को सबसे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लखनऊ कार्यालय पर जाकर दिया गया। इस पहल की सराहना करते हुए पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस कार्य के लिए सोशल मीडिया का सहयोग लेने की बात कही। उनके इस निर्देश पर पीडीए पतंग के जरिए बदलाव के संदेश को पूरे प्रदेश में फैलाया जा रहा है। प्रदीप यादव ने बताया कि इस पंतग को कार्यकर्ताओं के बीच वितरित किया गया। पार्टी अध्यक्ष ने इस पतंग की तस्वीर अपने सोशल मीडिया के अधिकृत अकाउंट पर शेयर कर मकर संक्रांति पर्व की बधाई पूरे प्रदेश को दिया है। अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस दिन पतंग उड़ाना एक पुरानी परम्परा है, जिसे सपा कार्यकर्ताओं ने अपने राजनीतिक संदेश के साथ जोड़कर पूरे उत्साह के साथ मनाया और पार्टी का संदेश भी आम लोगों तक पहुंचाया है।

# नमामि गंगे की मकर संक्रांति पर्व पर पवित्र गंगा को गंदा नहीं करने की अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी) में मकर संक्रांति पर्व पर बुधवार को पवित्र गंगा नदी में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ की वजह से गंगा घाटों के अलावा गंगा में भी माला फूल और अन्य पूजन सामग्री से गंदगी बढ़ गई। यह देख नमामि गंगे के काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। सदस्यों ने दशाश्वमेध और राजेंद्र प्रसाद घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच यह अपील किया कि गंगा में पॉलिथीन, धार्मिक तस्वीरें, कपड़े, माला फूल आदि न डालें। लाउडस्पीकर से हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को गंदगी और पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। संयोजक राजेश शुक्ला ने लोगों को सजग करते हुए बताया कि पॉलिथीन के इस्तेमाल को बंद करके ही हम गंगा व काशी को स्वच्छ बना सकते हैं। मकर संक्रांति का पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण की सीख भी देता है। भारत में जीवन के समग्र ताने-बाने का केंद्र गंगा हैं। हमें गंगा का संरक्षण करना चाहिए। सभी को पॉलिथीन का प्रयोग न करने और स्वच्छता बनाए रखना के लिए संकल्पित किया गया।

## जालसाज व चोर गिरोह के सरगना की जमानत याचिका को गैंगस्टर न्यायालय ने किया निरस्त

मऊ। उत्तर प्रदेश में मऊ जनपद के न्यायालय विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार वत्स ने गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों में सुनवाई के दौरान अभियुक्त गैंग लीडर की जमानत याचिका निरस्त कर दी। अभियुक्त द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर उसके अधिवक्ता व राज्य की तरफ से कृष्ण शरण सिंह विशेष लोक अभियोजक, गैंगस्टर एक्ट, जिला मऊ को सुनने व केस डायरी और अभियोजन प्रपत्र के अवलोकन के पश्चात निरस्त करने का निर्णय सुनाया। प्रस्तुत प्रकरण थाना–कोतवाली, जिला मऊ का है, थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभियुक्त द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अवैध तरीके से जाल साजी व चोरी करने का अपराध किया जा रहा था।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालयः 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालयः 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने कालपी में पवित्र यमुना नदी में लगाई डुबकी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उरई। उत्तर प्रदेश के जालौन में बुधवार को मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भीषण सर्दी के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं ने कालपी की पवित्र यमुना नदी और जगम्मनपुर के पचनद संगम में आस्था की डुबकी लगाई। तड़के से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक महत्व के इस पर्व पर दूरदराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चे भी शामिल रहे।

इस पर्व पर कालपी के प्राचीन किला घाट, पीला घाट, बिहारी घाट और ढोडेश्वर घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ दिनभर बनी रही। वहीं जगम्मनपुर के पचनद संगम पर भी श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की, दान-पुण्य किया और मकर संक्रांति के पारंपरिक पर्व 'खिचड़ी' का प्रसाद ग्रहण किया। एसडीएम मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह और कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने सभी प्रमुख घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। नगरपालिका परिषद द्वारा घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। ठंड से बचाव के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई। बिहारी घाट पर श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# प्राथमिक विद्यालय के विवादित मामले की जांच को कमेटी गठित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर के थाना मझोला क्षेत्र में कुंदनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के विवाद मामले में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। टीम में सीडीओ के अलावा अपर जिलाधिकारी प्रशासन और उप जिला मजिस्ट्रेट सदर शामिल हैं। यह कमेटी सात दिनों में अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपेगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने आज प्राथमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें बताया गया कि एक पक्षकार ने विद्यालय के खिलाफ मुकदमा जीतने का दावा करते हुए कब्जा लेने की कोशिश की। इसकी जानकारी मिलने पर सोमवार को आक्रोशित अभिभावकों ने हंगामा कर दिया। अभिभावकों का आरोप था कि यदि विद्यालय शिक्षा विभाग से छिन गया तो उनके 110 बच्चों के भविष्य का संकट खड़ा हो जाएगा। इस मामले में डीएम ने निर्णय लिया कि सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम प्रशासन संगीता गौतम और एसडीएम सदर डॉ. राम मोहन मीणा की तीन सदस्यीय कमेटी जांच करेगी।

## मकर संक्रांति पर मेला रामनगरिया में संतों ने निकाली शोभायात्रा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फर्रुखाबाद। गंगा के पांचाल घाट पर चल रहे मेला रामनगरिया में मकर संक्रांति के पर्व पर बड़ी संख्या में कल्पवासियों व गंगा भक्तों ने भागीरथी में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। मेला में वैष्णव संप्रदाय की ओर से साधु संतों की एक शोभायात्रा निकाली गई, जिसका कई जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। मेला रामनगरिया परिसर में महात्मा ईश्वर दास की मौजूदगी में शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में संत महात्माओं ने भाग लिया। शोभायात्रामें संतों ने तरह तरह के करतब दिखाए। अपर जिलाधिकारी विनोद कुमार ने माला पहनकर संत महात्माओं का स्वागत किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि संत के दर्शन से ही सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। मेला रामनगरिया में सभी सेक्टर में घूमने के बाद शोभायात्रा वैष्णव संप्रदाय के अखाड़े में पहुंची। जहां हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर महात्मा रामदास ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व एक महान पर्व है और आज जो मकर संक्रांति का पर्व पड़ रहा है, वह महत्वपूर्ण है ।तिलश्ष्टि एकादशी के साथ इस पर्व के पढ़ने से इसका महत्व बहुत बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हर साधक को तिल पानी में डालकर स्नान करना चाहिए और तिल का दान करके पुण्य कमाना चाहिए। महात्मा मोहनदास ने कहा कि आज के दिन चावल आदि का दान नहीं करना चाहिए। चावल का दान एकादशी लग जाने की वजह से कल किया जाना चाहिए। इस मौके पर महात्मा ईश्वर दास, रामदास, सतीश दास सहित हजारों की संख्या में संत महात्मा मौजूद रहे। शोभा यात्रा के समय मेला में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शोभा यात्रा के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# मकर संक्रांति पर्व पर तिथियों के भ्रम को दरकिनार कर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में लगाई डुबकी

■ भोर से ही गंगातट पर स्नान के लिए पहुंचने लगे श्रद्धालु, भोर से लेकर दोपहर तक गंगा में स्नान जारी रहा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में मकर संक्रांति पर्व की तिथियों को लेकर भ्रम को दरकिनार कर लाखों श्रद्धालुओं ने बुधवार को पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दानपुण्य किया। परम्परागत रूप से पर्व (14 जनवरी) को मनाने वाले श्रद्धालु भोर से परिवार के साथ गंगा स्नान करने के लिए पहुंचने लगे। अलसुबह भगवान सूर्य के उदीयमान होने के साथ दिन चढ़ने तक स्नान - ध्यान का सिलसिला गंगा घाटों पर चलता रहा। दोपहर में भी यह स

दशाश्वमेध घाट के तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी ने कहा कि इस साल मकर संक्रांति के दिन बुधवार को षटतिला एकादशी भी है। करीब 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब संक्रांति और एकादशी एक ही दिन हैं। यह संयोग बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दौरान किया गया स्नान, दान और पूजा शुभ फल देने वाला माना जाता है। उन्होंने बताया कि अपरान्ह 3 बजकर 7 मिनट पर सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना ही मकर संक्रांति कहलाता है। यह गोचर दोपहर बाद हो रहा है, इसलिए तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लेकिन गोचर के आधार पर मकर संक्रांति 14 जनवरी को मना सकते हैं जबकि स्नान-दान, पूजा और धार्मिक कार्यों के लिए 15 जनवरी को अधिक शुभ माना जा रहा है। इसलिए श्रद्धालु दो दिन पर्व मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्नान पर्व पर काशीवासी और बाहर से आए श्रद्धालु गंगा स्नान कर मां गंगा का आशीर्वाद लेते हैं। इसी दिन पतंगबाजी भी होती है। पर्व के दिन गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस बल और महिला पुलिस कांस्टेबलों की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरों से घाटों पर लगातार निगरानी की जा रही है। पर्व पर गंगा स्नान के बाद बच्चों और युवाओं ने गंगाघाटों से लेकर घर तक पतंगबाजी शुरू कर दी। बताते चलें इस साल मकर संक्रांति पर्व की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है। कहीं 14 जनवरी को पर्व मनाने की बात हो रही है, तो कहीं 15 जनवरी को। अयोध्या में रामलला मंदिर के शिलान्यास और विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुर्हूत निकालने वाले काशी के दिग्गज विद्वान पं. गणेश्वर द्राविड़ के अनुसार संक्रांति पुण्यकाल के विषय में गणेश आपा जी पंचाग एवं देशपांडे पंचाग में मकर संक्रांति पुण्यकाल 14 जनवरी को दिया गया है। इस भूल को लोग सुधार कर 15 जनवरी को दिन के पूर्वार्ध में मकरसंक्रांति निमित्त स्नान, दान, तर्पण , श्राद्ध पूजन आदि करें। भूल से हुई चूक को लोग सुधारने के लिए तैयार हैं। ऐसी स्थिति में उक्त पंचांगों को लेकर दुष्प्रचार एवं परिहास करना उचित नहीं है।